CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 16° C

हल्द्वानी, मंगलवार 31 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 | 11 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा: योगी पेज 2



पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर खेल टाइम्स



अहिंसा का शाश्वत संदेश: क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर सम्पादकीय




जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप: ट्रम्प पेज 12

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी लगाई रोक

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**स्पेन ने ईरान** के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है।

स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि देश अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं करने देगा। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे, हालांकि मानवीय और आपातकालीन उड़ानों को छूट दी गई है। स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला एकतरफा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू युद्ध का समर्थन न करने के आधार पर लिया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापारिक कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं ईरान ने लेबनान के निष्कासन आदेश को ठुकराते हुए कहा है कि उसका राजदूत बेरूत में ही अपना काम जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि राजदूत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा। दरअसल, लेबनान ने पिछले हफ्ते ईरान के राजदूत मोहम्मद रजा शिबानी को पर्सोना नान ग्राटा घोषित कर 29 मार्च तक देश छोड़ने का निर्देश दिया था।



- कहा: ईरान के विरुद्ध युद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ, अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे

## ईरान का इजरायल के केमिकल प्लांट पर हमला

- जहरीले रिसाव की चेतावनी, लोगों को आदेश, घर में रहें, खिड़कियां बंद रखें

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी इजरायल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।

हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है। हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित इस ठिकाने पर हुई घटना में एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया हो सकता है। उधर, इराकी सशस्त्र समूह ने यूएस ठिकानों पर हमलों की ज़िम्मेदारी ली। इराकी सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दम' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूएस ठिकानों को निशाना बनाते हुए आठ हमले किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### पुलिस ने लश्कर कमांडर शब्बीर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे।

### ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

# जनगणना- 2027 का पहला चरण एक अप्रैल से होगा शुरू

## पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर फेक (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं कि जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय एक मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और एक मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा -**शेष पृष्ठ दो पर**




- लिव-इन कपल्स को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा
- जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी
- करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये देशभर में जानकारी जुटाएंगे

### व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय

**नई दिल्ली।** रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम की धारा 15 का हवाला देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान जुटाया गया व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की जानकारी न तो आरटीआई के तहत साझा की जा सकती है, न ही अदालतों में साक्ष्य के रूप में पेश की जा सकती है और न ही किसी अन्य संस्था के साथ साझा की जाएगी।

# अंगोला से गैस खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

## होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को नहीं गुजरना पड़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में गैस की कमी और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (एलपीजी) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92 फीसदी एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है, तो जहाज अटलांटिक और अरब महासागर होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरना होगा। भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है। अंगोला में एनर्जी सेक्टर सरकार के कंट्रोल में है, जिससे सरकारी स्तर पर समझौता करना आसान होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां एलपीजी के लिए करीब एक साल और एलएनजी के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं।



- अंगोला सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार

# तेलंगाना में पैरेंटल सपोर्ट बिल पास

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार बुढ़ापे में माता-पिता को 'बोझ' समझने वाले बच्चों पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है। राज्य विधानसभा ने पैरेंटल सपोर्ट बिल, 2026' सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके तहत, यदि कोई कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता, तो उसकी कुल सैलरी में से 15 फीसदी या 10,000 (जो भी कम हो) की कटौती की जाएगी।

देश में पहली बार ऐसा कानून बना है, जिसमें सरकारी के साथ ही प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों, विधायकों, सांसदों और सरपंचों तक को जवाबदेह बनाया गया है। खास बात यह है कि माता-पिता को इसके लिए कोर्ट नहीं जाना होगा, वे सीधे जिला कलेक्टर के पास आवेदन कर सकेंगे। जांच में शिकायत सही मिलने पर कलेक्टर सीधे कंपनी या विभाग को सैलरी काटकर माता-पिता के खाते में भेजने का आदेश देंगे। विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मैं एक ऐसे जनप्रतिनिधि को जानता हूं जिसके पिता की कैंसर से मौत हो गई, लेकिन बेटे ने सुध तक नहीं ली। जब माता-पिता की आंखों में आंसू होते हैं, तो वह समाज के पतन का संकेत है। समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो सक्षम होकर भी अपनों को छोड़ देते हैं। केरल और असम में भी हैं ऐसे कानून- केरल (2023) - यहां 25 फीसदी तक कटौती का प्रावधान है। मुख्य रूप से उन लोगों पर लागू होता है जिन्हें 'अनुकंपा नियुक्ति' मिली है।

- मां-बाप को बेसहारा छोड़ा, तो कटेगी 15% सैलरी
- पहली बार सांसद-विधायक भी कानून की जद में आएंगे

# यूपी समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, यूपी के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार सुबह बारिश हुई। वहीं, गुलमर्ग, पहलगाम, यूसमर्ग, गुरेज, रजदान टाप और सोनमर्ग-जोजिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। पंजाब के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।

- जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में आंधी के साथ बारिश की संभावना

# संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया होगी तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिए गए हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किए गए हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जाएगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।'



- लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पारित



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी बसपा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से 31 मार्च को लखनऊ स्थित राज्य कार्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आगामी चुनावी रणनीति और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पदा. धिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं की सक्रियता की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक का मुख्य फोकस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और नए मतदाताओं को जोड़ने की योजना बनाना है।

### तृणमूल कांग्रेस नेता काजी अब्दुल रहीम कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनावी सरगर्मियों के बीच बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। टीएमसी के विधायक काजी अब्दुल रहीम ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस महासचिव व पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि रहीम राज्य की राजनीति में एक जाना-माना नाम हैं और अपने क्षेत्र में जनसेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि रहीम आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर अपने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए काम करना चाहते हैं।

# उप्र में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पहले से बेहतर, एलपीजी वितरण अब भी प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दो दिनों तक चली घबराहट में हुई खरीदारी के बाद उत्तर प्रदेश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति अब काफी हद तक सामान्य हो गई है। राज्य की राजधानी लखनऊ सहित अधिकांश शहरी इलाकों में रविवार तक हालात लगभग सामान्य हो गए, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों और घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरण में अभी भी चुनौतियां बनी हुई हैं।




शनिवार और रविवार को पेट्रोल पंपों पर पहले जैसी लंबी कतारें और अफरा-तफरी नहीं दिखी। लखनऊ में दोपहर बाद तक अधिकांश पंपों पर सामान्य रूप से वाहन ईंधन भरवाते नजर आए। अधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं थी, बल्कि अफवाहों के कारण मांग अचानक बढ़ गई थी। लखनऊ के जानकीपुरम, विकास नगर और मड़ियांव जैसे इलाकों में, जहां पहले भारी भीड़ देखी गई थी, अब स्थिति पूरी तरह सामान्य रही। यहां ग्राहकों को बिना इंतजार के आसानी से ईंधन मिल रहा है। डीलरों के मुताबिक सप्ताह की शुरुआत में बिक्री में जो असामान्य बढ़ोतरी हुई थी, वह अब घटकर सामान्य स्तर के करीब आ गई है। राज्य भर के आंकड़ों के अनुसार 24 से 27 मार्च के बीच पेट्रोल-डीजल की खपत में तेज उछाल दर्ज किया गया। 24 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 19 प्रतिशत, 25 मार्च को 36 प्रतिशत और 26 मार्च को 77 प्रतिशत तक बढ़ गई। 27 मार्च को भी यह 70 प्रतिशत अधिक रही, जो 26 मार्च से सात प्रतिशत कम थी। 26 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 2.9 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी, जो 27 मार्च को घटकर 2.78 करोड़ लीटर रह गई। इसी तरह डीजल की खपत भी 36 प्रतिशत, 77 प्रतिशत और 75 प्रतिशत तक बढ़ी, जबकि 26 मार्च को यह 5.1 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी। गोरखपुर रीजन में भी स्थिति में सुधार देखा गया। हालांकि देवरिया और गोरखपुर के कुछ ग्रामीण इलाकों में टैंकरों की आवाजाही में देरी के कारण आंशिक दिक्कतें बनी रहीं। प्रयागराज में भी अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य रही। कमला नगर, कटरा, अलोपीबाग, सोहबतियाबाग, मीरापुर, करेली और सिविल लाइंस जैसे इलाकों में कहीं भी भीड़ नहीं दिखी और लोग सामान्य रूप से ईंधन भरवा रहे थे।

### विदेश नीति पर चिंता जताते हुए प्रमोद तिवारी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने देश की विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध है। तिवारी ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि जिस पाकिस्तान ने पहलगाम जैसी घटनाओं में देश की बहनों का सुहाग उजाड़ने का काम किया, उसी पाकिस्तान को आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यस्थ के रूप में पेश किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात कहना और इस्लामाबाद में संभावित वार्ता को भारत के लिए अत्यंत चिंताजनक बताया। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'अब की बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था लेकिन आज देश की विदेश नीति को किस दिशा में ले जाया जा रहा है, यह सवाल खड़ा हो रहा है।

# यूपी पुलिस के 1592 आरक्षियों को मिली पदोन्नति, बनाए मुख्य आरक्षी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करते हुए 1592 आरक्षी नागरिक पुलिस को मुख्य आरक्षी (हेड कॉन्स्टेबल) पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति चयन वर्ष 2025-26 में उत्पन्न रिक्तियों के सापेक्ष ज्येष्ठता के आधार पर की गई है। इस बावत पुलिस मुख्यालय की तरफ से सोमवार को आदेश जारी कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक स्थापना अमृता मिश्रा के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक यह निर्णय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 मार्च को जारी चयन परिणाम के आधार पर लिया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किया गया है। कुल 2271 योग्य पाए गए कर्मियों में से फरवरी 2026 की रिक्तियों के अनुसार 1592 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई है। आदेश के अनुसार पदोन्नत मुख्य आरक्षी अपने वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण करेंगे और कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष की




परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। यह अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई भी जा सकती है। साथ ही सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए मुख्य आरक्षी पद से संबंधित आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। आदेश के मुताबिक पदोन्नति से पहले संबंधित कर्मियों से स्वघोषणा पत्र लिया जाएगा, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके विरुद्ध कोई निलंबन, अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मामला लंबित न हो। यदि किसी कर्मचारी द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पदावनति तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# यूजीसी पर रोलबैक किया, तो होगा पुरजोर विरोध: आजाद

सीतापुर, वार्ता



सीतापुर में सांसद चंद्रशेखर का बड़ा बयान

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद उर्फ रावण सीतापुर में प्रदेश बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और सभी लोग इससे निजात पाना चाहते हैं। आजाद ने आगे कहा कि यूपी की बीजेपी सरकार घबराई हुई है, इसीलिए वह पंचायत चुनाव समय पर कराने के बजाय आगे के लिए टाल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आजाद समाज पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है।

चंद्रशेखर आजाद रविवार को लखीमपुर में पार्टी की रैली करने के बाद सीतापुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह पिछले करीब 6 माह से 2027 में होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं। लखीमपुर में उनकी आठवीं रैली है जिसकी सफलता देखकर लोग घबरा उठे हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यूपी में सिर्फ जंगलराज ही नहीं, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, फर्जी एनकाउंटर, नौकरियों की भर्ती में गड़बड़ी से लोग आक्रोशित हैं। अब खुद बीजेपी के विधायक कैमरे के सामने ऐसे गम्भीर आरोप लगा रहे हैं, जिससे स्थिति का अनुमान स्वयं ही लगाया जा सकता है। इन चीजों से निजात के लिए जनता विकल्प की तलाश कर रही है। हम जनता को अच्छा विकल्प देने का प्रयास करेंगे।

### योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र किए वितरित

# यूपी में आंगनवाड़ियों का मानदेय जल्द बढ़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम योगी का बड़ा ऐलान, आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे स्मार्ट, लखनऊ में विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुप्रतीक्षित पहल है, जिससे जमीनी स्तर पर काम करने वाली महिला कार्यकत्रियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि अब हर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पास स्मार्टफोन होना जरूरी है, ताकि कार्यों का रियलटाइम डेटा उपलब्ध हो सके और योजनाओं की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से हो पाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आंगनवाड़ी सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्री-प्राइमरी शिक्षा शुरू की जा रही है। इसके लिए पूर्व में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित करीब 27 हजार केंद्र अब आंगनवाड़ी व्यवस्था को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान देश के भविष्य को संवारने का प्रयास है। यदि नवजात शिशु सुपोषित होगा और मां स्वस्थ होगी, तो देश का भविष्य स्वतः सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और इन योजनाओं की असली वाहक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ही हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को उनकी भूमिका के अनुरूप 'यशोदा मैया' की उपाधि दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण का पालन-पोषण किया, उसी तरह आज आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां देश के बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही हैं।

### अभिभावकों और विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणादायक पत्र जारी किया है। योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 71947.55
निफ्टी 22331.40



सोना 146558
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 228149
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1636 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,635.67 अंक (2.22 प्रतिशत) लुढ़ककर 25 महीने से अधिक के निचले स्तर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ जो इसका करीब एक साल का निचला स्तर है।

पश्चिम एशिया संकट और उद्योगों पर उनके प्रभाव के कारण शेयर बाजारों में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स एक हजार अंक से अधिक की गिरावट में खुला। दोपहर बाद बाजार पर दबाव और बढ़ गया। मझौली तथा छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। वृहत सूचकांकों में निफ्टी मिडकैप-50 में 2.68 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.66 फीसदी की गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों पर भारी दबाव रहा। ऑटो, मीडिया, एफएमसीजी, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में



भी अधिक गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत से ऊपर टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक लुढ़के। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और सनफार्मा के शेयर दो से तीन प्रतिशत फिसल गए। एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, टीसीएस, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयरों में एक से दो फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनी. लिवर, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### मध्य पूर्व में युद्ध से धड़ाम हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध की वजह शेयर बाजार में लाल निशान पर ट्रेड कर रहा है। इसके साथ ही सोना-चांदी में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। 30 मार्च को एमसीएक्स में सोना और चांदी दोनों ही 1400 रुपये से ज्यादा की गिरावट है। एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,558 रुपये चल रही है। इसमें 697 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने अब तक 1,44,212 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। चांदी में सुबह भारी गिरावट थी। हालांकि अब 10.30 बजे तक चांदी में रिकवरी आई है। सुबह 10.40 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,28,149 रुपये चल रही है। इसमें 195 रुपये प्रति किलो की तेजी है। चांदी ने अब तक 2,25,763 रुपये प्रति किलो का लो और 2,28,786 रुपये प्रति किलो का हाई बनाया है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,860 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 1,47,070 रुपये चल रहा है। सोने के साथ रायपुर में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है।

# पेंशन बढ़ाने पर संवेदनशीलता से कर रहे हैं काम: सीतारमण

नई दिल्ली, वार्ता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को लोकसभा में कहा कि कर्मचारी पेंशन निधि के तहत पेंशन पाने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। श्रीमती सीतारमण लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि इस योजना के तहत पेंशन बहुत कम है और इस मामले में उनसे बराबर प्रतिनिधिमंडल मिलने भी आते हैं। उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी है और इस पर सरकार गंभीरता से तथा संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशन कंट्रीब्यूशन के आधार पर तय की जा रही है।

उन्होंने इसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताया और कहा कि इस संबंध में उनसे कई लोग मिल चुके हैं। उनका मनाना है कि वृद्धावस्था में सबको पेंशन मिलनी चाहिए और राशि भी ठीक मिलनी चाहिए लेकिन राशि का निर्धारण तकनीकी आधार पर होता



है और जो पैसा आ रहा है वह ज्यादा पेंशन देने के लिए अभी पर्याप्त नहीं है। अभी जो पैसा है उसके हिंसाब से 10000 देना भी संभव नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में चर्चा चल रही है और इसमें समय लग रहा है, क्योंकि धर्म संकट यह है कि जो राशि अर्जित हो रही है वह पर्याप्त नहीं है। इस पर विचार चल रहा है और सब स्थितियों को देखने परखने के बाद इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे इससे जुड़े एक सवाल पर कहा कि असंगठित क्षेत्र में पेंशन की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# कांग्रेस ने असम के लोगों को दी पांच गारंटी

■ खड़गे ने पांच सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र लॉन्च किया, हिमंत बिस्वा सरमा के परिवार पर बड़ा आरोप

**लखीमपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम की जनता को पांच गारंटियां दी है। कांग्रेस ने असम में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विधानसभा चुनावों में पांच-सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र जारी किया है, जैसा कि उसने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान घोषित किया था। ये पांच गारंटियां असम की जनता की सुरक्षा और विकास के लिए हैं। खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार आती है, तो वह हर महिला को 50,000 रुपये देगी और हर परिवार को 25 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस देगी। वह 100 दिनों के अंदर जुबीन गर्ग के परिवार को इंसाफ दिलाएगी। खड़गे ने कहा कि इस बार हिमंत बिस्वा सरमा को हटाना ही होगा। इस बार चुनावी लड़ाई कांग्रेस और बीजेपी के बीच नहीं होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...


**जनगणना- 2027...** कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज एक अप्रैल से 30 सितम्बर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी। सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये एप एंडरॉयडऔर आईओ दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5 फीसदी पुरुष और 48.5 फीसदी महिलाएं थीं।

# अलग-अलग धर्मों के लड़का-लड़की साथ रह सकते हैं: हाईकोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत अंतरधार्मिक जोड़े का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक जोड़े द्वारा सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 और साल 2021 के अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि अंतरधार्मिक जोड़े का (लिव-इन रिलेशनशिप) में रहना कोई अपराध



■ लिव इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

है। अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ताओं ने कोई अपराध नहीं किया है, तो कोर्ट को ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि उनकी सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग को क्यों न स्वीकार किया जाए। कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार का दर्जा कहीं अधिक ऊंचा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति याचिकाकर्ताओं की इच्छा के विरुद्ध या किसी भी कपटपूर्ण तरीके, बल, ज़बरदस्ती, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव अथवा गलत बयानी के माध्यम से उनका धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करता है, तो याचिकाकर्ता इसकी रिपोर्ट या शिकायत पुलिस में दर्ज करा सकते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम युवक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से मांग कि थी कि कोर्ट कोई आदेश जारी करे, जिसमें प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाए कि वो दोनों के शांतिपूर्ण जीवन और स्वतंत्रता में दखल न दें और साथ ही उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि एक बार जब कोई व्यक्ति बालिग हो जाता है, तो वह जिसके साथ चाहे रह सकता है और उसकी इस पसंद में कोई भी दखल नहीं दे सकता।

# भाजपा-एलडीएफ साथ काम कर रहे: राहुल गांधी

■ सबरीमला मामले पर मौन रहे पीएम

**पथानामथिट्टा (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अपने केरल दौरे के दौरा सबरीमला मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो इस बात का संकेत है कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) असल में भाजपा के नियंत्रण में है।

अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने दावा किया कि नौ अप्रैल के लिए निर्धारित विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। एलडीएफ पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और दोनों पार्टियों को यूडीएफ की विरोधी ताकतों के तौर पर दिखाया। उन्होंने कहा कि भाजपा-एलडीएफ फ्रंट यूडीएफ के उलट है और इसीलिए भाजपा केरल में यूडीएफ को सत्ता हासिल करने से रोक रही है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में सबरीमला में हुई सोने की चोरी के बारे में बताने की चुनौती दी और सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने इस घटना को नजर. अंदाज क्यों किया। उन्होंने भाजपा-सीपीएम के रिश्ते को मिलीभगत का सबूत बताया और भरोसा दिलाया कि सोने की चोरी में शामिल लोगों को उसी हिसाब से सजा मिलेगी। गांधी ने केरल की धार्मिक एकता की परंपरा की भी तारीफ की और बताया कि कैसे मलयाली एकजुट होकर पूरे देश में एक मजबूत संदेश देते हैं।

# साहित्यकार होते हैं समाज के मार्गदर्शक व प्रेरक: सीएम



■ उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ■ उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर हुए सम्मानित ■ कई वरिष्ठ रचनाकारों को मिला दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार ■ राज्य में स्थापित होंगे दो आधुनिक "साहित्य ग्राम" ■ उत्तराखंड में युवा लेखकों को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025 में उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उनके लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित डॉ. जितेन ठाकुर न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

उन्होंने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि "उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान" समारोह प्रदेश की साहित्यिक परंपरा, रचनात्मक चेतना और साहित्यकारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पावन भूमि सदियों से ज्ञान, संस्कृति और सृजन का केंद्र रही है, जहां हिमालय, गंगा और प्राकृतिक सौंदर्य ने अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित किया है। सुमित्रानंदन पंत, गौरा पंत "शिवानी", मोहन उप्रेती और शैलेश मटियानी जैसे साहित्यकारों ने इस धरा को गौरवान्वित किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तराखंड राज्य निर्माण में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, खजान दास, विधायक सविता कपूर सहित बड़ी संख्या में लेखक, साहित्यकार, पत्रकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

**राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध:** मुख्यमंत्री धामी ने जानकारी दी कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ ग्रंथ प्रकाशन के लिए अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य में दो साहित्य ग्राम स्थापित किए जा रहे हैं, जहां साहित्यकारों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### इन साहित्यकारों को मिला उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय एवं अताए साबिर अफजल मंगलौरी को "उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं "युवा कलमकार प्रतियोगिता" के विजेताओं को भी नवाजा

मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं "युवा कलमकार प्रतियोगिता" के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य हेतु प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के अंतर्गत डॉ भूपेंद्र बिष्ट, डॉ सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊनी एवं गढ़वाली साहित्य तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट एवं गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक विरासत को मिल रहा नया सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है और साहित्यिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रेरणा से राज्य सरकार भी उत्तराखंड की बिखरी साहित्यिक धरोहर को संकलित एवं संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है।

# कमर्शियल वाहनों के ग्रीन कार्ड बनने की प्रक्रिया शुरू

**उत्तराखंड चारधाम यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम की यात्रा आगामी 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू होने जा रही है। जिसके दृष्टिगत सभी संबंधित विभाग व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने में जुटे हुए हैं। हालांकि, हर साल चारधाम यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में वाहनों का संचालन पर्वतीय मार्गों पर होता है. जिसको देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से कमर्शियल वाहनों को ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने ग्रीन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया भी 30 मार्च से शुरू कर दी है। ताकि यात्रा के दौरान फिट वाहनों को ही पर्वतीय मार्गों पर संचालन की अनुमति दी जा सके।

चारधाम यात्रा के मद्देनजर व्यवसायिक वाहनों को परिवहन विभाग की ओर से ग्रीनकार्ड जारी किए जाने को लेकर ऋषिकेश स्थित उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जहां परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने ग्रीन कार्ड से संबंधी कामों का शुभारंभ किया। साथ ही ग्रीनकार्ड



कक्ष/सेंटर और वाहन निरीक्षण स्थल का रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के दौरान यात्रा पर जाने वाली 40 बस, टैक्सी व मैक्सी वाहनों को ग्रीनकार्ड जारी किए गए।

उत्तराखंड चारधाम की यात्रा के दौरान व्यावसायिक वाहनों यानी बस, टैक्सी, मैक्सी के संचालन में लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य है। वाहनों के पास ग्रीन कार्ड का होना इस बात को बताता है कि वाहन के सभी अनिवार्य दस्तावेज पूरे हैं और वो वाहन पर्वतीय मार्गों पर चलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं। इसकी एक मुख्य वजह ये भी है कि चारधाम यात्रा के दौरान वाहनों को पर्वतीय मार्गों से होकर गुजरना पड़ता है। साथ ही कई बार सड़क दुर्घटनाओं के मामले भी सामने आते हैं। यही वजह है कि यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने को लेकर ग्रीन कार्ड की व्यवस्था संचालित की जा रही है।

# रायपुर सम्मेलन में सीएम धामी का बल्ले से सम्मान

■ मंत्री सुबोध बोले, अब 'फ्यूज बल्बों' को इकट्ठा कर रही कांग्रेस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में 'रायपुर विधानसभा सम्मेलन 2026' का आयोजन किया गया। जिसमें बीजेपी ने संगठन को मजबूत करने और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। वहीं, कांग्रेस में शामिल हो रहे नेताओं को लेकर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

इस सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्षों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। वहीं, कार्यक्रम में एसआईआर प्रशिक्षण के तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी को 'धाकड़ धामी' और 'धुरंधर धामी' की संज्ञा दी गई। साथ ही उनका सम्मान क्रिकेट बल्ला देकर किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. जबकि, प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक उमेश शर्मा काउ ने की. सीएम धामी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की ताकत ही बीजेपी की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, प्रदेश की राजनीति में बढ़ती हलचल के बीच कांग्रेस में नेताओं की एंट्री का सिलसिला जारी है। हालांकि, बीज. 'पी ने इन दल-बदल को सिरे से खारिज किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जिन नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, वे पहले ही पार्टी से निष्कासित थे या लंबे समय से सक्रिय नहीं थे, ऐसे में उनके जाने से बीजेपी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अब 'फ्यूज बल्बों' को इकट्ठा कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी संगठन पहले से ज्यादा मजबूत है और आगामी चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर और मजबूती से मैदान में उतरेगी।

# कार सवारों ने चलाई गोलियां, रिटायर्ड ब्रिगेडियर की मौत

**शाह टाइमस संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के पॉश इलाके राजपुर में आज सुबह सड़क पर दबंगई और खूनी संघर्ष के बीच एक बेगुनाह पूर्व सैन्य अधिकारी की जान चली गई। मसूरी रोड पर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर और स्कॉर्पियो-एन के बीच ओवरटेकिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि स्कॉर्पियो सवार युवकों ने चलती गाड़ी से फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी की चपेट में मॉर्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश कुमार जोशी निवासी तुला अपार्टमेंट जोहड़ी आ गए, जिनकी उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। रिटायर्ड ब्रिगेडियर की हुई मौत के बाद परिवार में हाहाकार मच गया। वहीं घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल सहित भारी पुलिस बल मौके की तरफ दौड़ा तब तक हमलावर स्कॉर्पियो कर सवार पुलिस पकड़ से बाहर जा चुके थे



■ राजपुर थाना क्षेत्र में दिन निकलते ही दो गुटों की भिड़ंत के बीच चली गोली

घटना सोमवार सुबह करीब 6:50 बजे की है। जानकारी के अनुसार, मालसी के पास वाहन को पास न देने के विवाद में दोनों लग्जरी कारों के बीच रेस शुरू हो गई। जोहड़ी गांव के पास स्कॉर्पियो सवारों ने फॉर्च्यूनर को रुकवाने के लिए उसके टायरों पर निशाना साधकर गोलियां चलाईं। इसी दौरान एक गोली वहां टहल रहे मुकेश कुमार जोशी को जा लगी। गोली लगने से घायल ब्रिगेडियर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।फायरिंग के कारण फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास एक पेड़ से जा टकराई। इसके बाद स्कॉर्पियो सवारों ने घायल कार सवारों के साथ जमकर मारपीट की और मौके से फरार हो गए। एसएसपी देहरादून सहित भारी पुलिस बल ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है, लेकिन सरेराह हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल का कहना है कि पुलिस घटना के बाद चेकिंग अभियान में जुट गई है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा वही दूसरी कार स्कॉर्पियो सवार कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**सुबह की सैर बना ब्रिगेडियर का आखिरी सफर:** रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश कुमार जोशी रोज की तरह आज भी जोहड़ी गांव के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। उन्हें क्या पता था कि दो गुटों की आपसी रंजिश और सड़क पर चल रही गुंडागर्दी उनकी जान ले लेगी। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले एक पूर्व सैन्य अधिकारी की इस तरह बीच सड़क पर हुई मौत ने स्थानीय निवासियों में भारी रोष पैदा कर दिया है।

### वीआईपी रोड पर कैसे चलीं सरेआम गोलियां?

राजपुर और मसूरी रोड को देहरादून का सबसे सुरक्षित और वीआईपी इलाका माना जाता है। यहां जगह-जगह पुलिस पिकेट और गश्त का दावा किया जाता है, इसके बावजूद अपराधी कई किलोमीटर तक एक गाड़ी का पीछा करते रहे और फायरिंग करते रहे।सुबह के समय जब बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर टहलते हैं, उस समय पुलिस की गश्त कहां थी। वहीं लोगों का कहना है कि सरेआम गोलियां चलना यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन में पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। दिल्ली नंबर की गाड़ियों में हथियार लेकर घूम रहे इन युवकों को शहर की सीमाओं या आंतरिक नाकों पर क्यों नहीं रोका गया? स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की ढिलाई के कारण ही आज एक सम्मानित नागरिक को अपनी जान गंवानी पड़ी। यदि समय रहते इन वाहनों को इंटरसेप्ट कर लिया जाता, तो शायद यह हादसा टल सकता था।

# भट्ट ने की गोचर में दिल्ली, देहरादून, पंतनगर से नियमित उड़ान की मांग



■ राज्यसभा सांसद ने सदन में केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने केंद्र से गोचर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण कर दिल्ली, देहरादून, पंतनगर से नियमित उड़ान की मांग की है। इसे सामरिक महत्व के साथ जीवन सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम बताते हुए, एयर-एम्बुलेंस के स्थायी केंद्र के रूप में स्थापित करने की मांग की है।

राज्यसभा में बोलते हुए उन्होंने देवभूमि के सीमांत क्षेत्रों में विकास और सामाजिक सुरक्षा के लिए अहम हवाई कनेक्टिविटी की तरह केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें उन्होंने कहा, उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और हवाई सेवा की वर्तमान स्थिति में सुधार की बहुत आवश्यक है। राज्य के चमोली जनपद में स्थित गौचर हवाई अड्डा सामरिक और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। 2013 की आपदा के दौरान इसकी उपयोगिता सिद्ध हो चुकी है। थोड़े बहुत निजी ऑपरेटरों के छोटे विमान वहां पहुंचते हैं लेकिन वह पूरी तरह से नकाफी हैं। वर्तमान में यहाँ से नियमित व्यावसायिक उड़ानों का अभाव है, जिससे स्थानीय जनता और बद्रीनाथ एवं केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों को असुविधा होती है।

केदारनाथ और बद्रीनाथ के मध्य स्थित होने के कारण गौचर को श्हबश् के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे सड़क मार्ग पर दबाव कम होगा और यात्रा सुरक्षित व सुगम बनेगी।

वहीं इनमें सामरिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा, चीन सीमा के निकट होने के कारण गौचर, पिथौरागढ़ और चिन्यालीसौड़ जैसी हवाई पट्टियों का 24/7 क्रियाशील होना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। वहीं दूसरी तरफ, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार से सीमांत क्षेत्रों के पलायन रो. कने में भी मददगार साबित होगा। क्योंकि यदि इन क्षेत्रों में नियमित उड़ानें शुरू होती हैं, तो होमस्टे और स्थानीय पर्यटन को पंख लगेंगे।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि गौचर हवाई अड्डे का विस्तार किया जाय और उसे बड़े विमानों की लैंडिंग के अनुकूल बनाया जाए। इसी क्रम में यहाँ से देहरादून, दिल्ली व पंतनगर के लिए नियमित फिक्स्ड-विंग विमान सेवा शुरू की जाए। इसी तरह केंद्र सरकार की श्उड़ानश् योजना के अगले चरण में गौचर और नैनी-सैनी, पिथौरागढ़ को प्राथमिकता दी जाए और ऑपरेटरों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने हाल में उड़ान योजना के तहत देहरादून से पिथौरागढ़ ने लिए 45 सीटर विमान सेवा शुरू करने के लिए भी केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### गोचर में एयर-एम्बुलेंस के स्थायी केंद्र स्थापित करने की अपील

इसी तरह जीवन सुरक्षा से जुड़ी एक आवश्यक मांग करते हुए कहा कि गौचर को एयर-एम्बुलेंस के स्थायी केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए। ताकि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को आपातकालीन उपचार मिल सके क्योंकि उत्तराखंड की हवाई कनेक्टिविटी केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह राज्य की सुरक्षा, आर्थिकी और जीवन रक्षा से जुड़ा विषय है। इसी के मद्देनजर उन्होंने अनुरोध किया कि गौचर सहित राज्य के सभी सीमांत हवाई अड्डों के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए।

# मृतक ब्रिगेडियर के परिजनों से मिले कैबिनेट मंत्री जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी रोड स्थित मालसी क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मंत्री जोशी घटना के बाद मैक्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ शीघ्र और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालसी जोहड़ी गांव जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और आवश्यक स्थानों पर पिकेट भी लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

गौरतलब है कि आज सुबह मालसी के पास दो कार सवारों के बीच वाहन को पास देने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान एक कार सवार द्वारा दूसरी कार को रोकने के उद्देश्य से टायर पर फायरिंग की गई, लेकिन गोली दुर्घटनावश मॉर्निंग वॉक कर रहे रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी को लग गई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।



■ घटना के बाद मैक्स अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया

# गौरीकुंड का तप्त कुंड फिर संवर रहा तीर्थ यात्रियों को मिलेगा स्नान का लाभ

■ महिला-पुरुष के लिए अलग चेंजिंग रूम, युद्धस्तर पर चल रहा मरम्मत कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुप्तकाशी/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के प्रमुख आधार शिविर गौरीकुंड में वर्ष 2013 की आपदा में जमींदोज हुए ऐतिहासिक तप्त कुंड के पुनरुद्धार का कार्य इन दिनों युद्धस्तर पर जारी है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के पुनर्निर्माण के तहत कुंड की मरम्मत के साथ-साथ महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम भी बनाए जा रहे हैं।

वर्ष 2013 की भीषण आपदा में गौरीकुंड स्थित तप्त कुंड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि कुछ वर्षों बाद स्थानीय लोगों और प्रशास. निक कर्मचारियों के प्रयासों से खुदाई के दौरान गर्म जल स्रोत को पुनः खोज लिया गया था। इसके बाद अस्थायी रूप से एक नल के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के लिए जल उपलब्ध कराया गया, लेकिन कुंड और चेंजिंग रूम के अभाव में श्रद्धालु यहां स्नान का पूर्ण लाभ नहीं उठा पा रहे थे। स्थानीय विधायक आशा नौटियाल के विशेष प्रयासों से तप्त कुंड के जीर्णोद्धार हेतु बजट स्वीकृत कराया गया। वर्तमान में कुंड का मरम्मत कार्य, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है, जिससे आगामी यात्रा सीजन में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार केदारनाथ धाम यात्रा का शुभारंभ गौरीकुंड से ही माना जाता है। श्रद्धालु इस पवित्र कुंड में स्नान कर स्वयं को शुद्ध करते हुए आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करते हैं। मान्यता है कि इसी स्थल पर माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण इस स्थान का नाम गौरीकुंड पड़ा। तप्त कुंड के जल को पवित्र और औषधीय गुणों से युक्त माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इसमें स्नान करने से शारीरिक रोगों से मुक्ति और मान. सिक शांति प्राप्त होती है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि आपदा के बाद कुंड की मूल संरचना, स्वच्छता और स्वरूप को काफी नुकसान पहुंचा था, जिससे इसकी धार्मिक गरिमा प्रभावित हुई। कहा कि गौरीकुंड का तप्त कुंड केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और प्रकृति का अनूठा संगम है।

### यमुनोत्री हाईवे: चौड़ीकरण कार्य दे रहा दुर्घटनाओं का न्योता

**उत्तरकाशी।** जिले में यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण यमुनोत्री हाईवे इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। पाली गाड़ से जानकीचट्टी तक ऑल वेदर सड़क परियोजना के तहत चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही के चलते यह परियोजना अब लोगों के लिए जोखिम भरी साबित हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है। जगह-जगह सड़क संकरी और ऊबड़-खाबड़ हो गई है,

जिससे वाहनों के फंसने की समस्या आम हो गई है। नतीजतन, हाईवे पर घंटों लंबा जाम लग रहा है और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रदेश के नारी निकेतनों में होगी मनोचिकित्सकों की नियुक्ति: रेखा आर्या



■ विभागीय सचिव को प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में रखने के निर्देश दिए ■ नारी निकेतन में संवासिनी की आत्महत्या की घटना के बाद मंत्री ने किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के केदारपुर स्थित नारी निकेतन में एक संवासिनी की आत्महत्या की घटना की गंभीरता से पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और नारी निकेतन की अधीक्षिका, अन्य कर्मचारियों तथा शव बरामद करने वाली चौकीदार से विस्तृत पूछताछ की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने नारी निकेतन प्रशासन को परिसर के सभी हिस्सों को सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित करने, उनकी नियमित लाइव मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त व्यवस्था लागू की जाएगी। मंत्री ने कहा कि फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। यदि जांच में नारी निकेतन का कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने मौके से ही एसएसपी देहरादून से फोन पर वार्ता कर पुलिस जांच की प्रगति की जानकारी ली और जांच को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इस पूरे प्रकरण के बीच मंत्री रेखा आर्या ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभागीय सचिव और निदेशक को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी नारी निकेतनों में महिलाओं के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग को सक्रिय रूप से जोड़ा जाए।

साथ ही मानसिक रूप से अस्वस्थ संवासिनियों की समुचित देखभाल के लिए मनोचिकित्सकों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# मेघालय में देवभूमि का डंका

## पेंचक सिलाट महिला खिलाड़ियों ने किया नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**उधमसिंह नगर।** 27 से 29 मार्च 2026 स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई सेंटर नेहु शिलांग (मेघालय) में

### खेलो इंडिया नेशनल लीग 2026 में जीता रजत पदक




27 से 29 मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सौजन्य एवं इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के सहयोग से आयोजित पेंचक सिलाट आश्मिता खेलो इंडिया नेशनल लीग 2026 में उत्तराखंड की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 700 से अधिक चयनित वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। देवभूमि उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रही रुद्रपुर की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तनुजा बुंगला, सुनीता भट्ट और पूजा मेहर ने पेनकक सिलाट के रेगु टीम इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही फाइटिंग (टांडिंग) इवेंट में 50-55 किलोग्राम भार वर्ग में पूजा मेहर ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड को एक और बड़ी सफलता दिलाई। खिलाड़ियों के कोच एवं पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि सभी खिलाड़ी रुद्रपुर स्थित दिवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी में प्रतिदिन 4 से 6 घंटे कठोर प्रशिक्षण करते हैं, जिसका परिणाम इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों से उत्तराखंड की वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार सराहनीय रहा है और इस वर्ष भी सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को इंडियन पेंचक सिलाट फैडरेशन के चेयरमैन मोहम्मद इकबाल द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। रेगु टीम इवेंट में रजत पदक जीतने वाली टीम तनुजा बुंगला, सुनीता भट्ट और पूजा मेहर को रुपये 30,000 का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं फाइटिंग इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर पूजा मेहर को रुपये 12,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# रामकथा में प्रसाद ग्रहण करने पहुंच गए 'हनुमान जी'

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** 'जहां कहीं भी रामकथा होती है वहां हनुमान जी किसी न किसी रूप में उपस्थित होते हैं'। जगदम्बामन्दिर में आयोजित रामकथा के समापन पर शनिवार को ब्यास जी डा. मनोज पाण्डे द्वारा दृढ़ विश्वास से कही गई इस बात की सच्चाई को प्रत्यक्ष रूप में देखकर वहां मौजूद श्रद्धालु आश्चर्य के साथ हर्ष मिश्रित प्रतिक्रिया करते हुए हनुमान जी और राम जी का जयकारा लगाते नजर आए। जगदम्बामन्दिर समिति से जुड़े सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री महायज्ञ में पूर्णाहुति के बाद जब ब्यास जी रामराज्य की महिमा का वर्णन करते हुए रामकथा के समापन में हनुमान जी के बारे में उक्त बात बता रहे थे, ठीक उसी समय मन्दिर के ऊपर पीपल के पेड़ में एक वानर नजर आया। कथा के समाप्त होने पर कन्यापूजन के साथ ही भण्डारा शुरु होने से पहले वह वानर पेड से उतर गया और यज्ञशाला में आकर वहां बैठ गया जहां थाल में शंख-घण्ट और प्रसाद के रुप में फल रखे थे। वहां बैठकर इत्मिनान से केला और प्रसाद खाने के बाद वह पेड के ऊपर चला गया। श्री पाण्डे के अनुसार इसी पेड़ के नीचे दोने में हलुवा और चने का प्रसाद रखकर श्रद्धालुओं को बांटा जा रहा था। यहीं से वानर को यज्ञशाला में प्रसाद ग्रहण करते देखकर लोग आश्चर्य और खुशी से भावविभोर हो उठे।

## एक नजर

### आंदोली गांव में युवक की हरकत से हड़कंप

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर क्षेत्र के आंदोली गांव में रविवार को एक युवक द्वारा घर में आग लगाने की घटना सामने आई। बताया जा रहा है कि युवक ने मोबाइल खरीदने के लिए मां से 20 हजार रुपये मांगे थे। पैसे न मिलने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद युवक ने गुस्से में आकर गाय के गोठ के ऊपर रखे लूटे में आग लगा दी। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और समय रहते आग बुझाकर बड़ा नुकसान होने से बचा लिया। घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंची और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक मुंबई में होटल में काम करता है।

### गुमशुदा महिला व मासूम सकुशल बरामद

**अल्मोड़ा।** देघाट थाना क्षेत्र से लापता महिला और उसके सात वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 05 मार्च को महिला अपने बच्चे के साथ घर से नाराज होकर चली गई थी, जिसके बाद 23 मार्च को गुमशुदगी दर्ज की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और लगातार निगरानी के बाद दोनों को भिकियासैंण क्षेत्र से सुरक्षित बरामद किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### सड़क: अतिक्रमण करने पर पुलिस की सख्ती

**अल्मोड़ा।** जनसुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को जाखनदेवी क्षेत्र में सड़क पर निर्माण सामग्री रखने के मामले में ठेकेदार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार दीपक यादव द्वारा सड़क पर रेता डालकर मार्ग अवरुद्ध किया गया था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सामग्री हटवाई और मार्ग को सुचारू कराया। साथ ही भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

### बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के आईपीआर सेल और बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 29-30 मार्च 2026 को वर्चुअल माध्यम में आयोजित की गई। कार्यशाला में 50 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों से 300 से अधिक संकाय सदस्य और छात्र शामिल हुए। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने उद्घाटन सत्र में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर चर्चा की और ऐसे आयोजनों को शैक्षणिक और संस्थागत लाभ के लिए आवश्यक बताया। डा. जेपी जायसवाल, नोडल अधिकारी, आईपीआर सेल ने भी कार्यशाला के उद्देश्य और वर्तमान आईपीआर रुझानों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, और भौगोलिक संकेतक पंजीकरण जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। समापन सत्र में डा. जायसवाल ने सभी योगदानकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं आईपीआर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित होंगी।

### पृथक ब्लॉक के लिए क्रमिक अनशन जारी

**बागेश्वर।** कांडा क्षेत्र को पृथक ब्लॉक बनाने की मांग को लेकर कालि. का मंदिर परिसर में चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान ईश्वर सिंह धपोला और मोहन सिंह धपोला अनशन पर बैठे। आंदोलनकारियों ने कहा कि 1952 से क्षेत्रवासी यह मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उनका कहना है कि ब्लॉक नहीं बनने से क्षेत्रवासियों को बागेश्वर जाने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार कांडा क्षेत्र की उपेक्षा कर रही है और चेतावनी दी कि अगर जल्द मांग पूरी नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

### घिंघारीखाल के समीप जंगल में लगी आग

**अल्मोड़ा।** रानीखेत-द्वाराहाट मोटर मार्ग के समीप रविवार देर रात जंगल में लगी आग को फायर सर्विस टीम ने समय रहते बुझाकर बड़ा हादसा टाल दिया। मिली जानकारी के अनुसार फायर स्टेशन रानीखेत को सूचना मिली कि जंगल में आग तेजी से फैलते हुए सड़क की ओर बढ़ रही है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। प्रभारी फायर स्टेशन अल्मोड़ा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर फायर इंजन से पंपिंग और होज रील की मदद से आग पर काबू पाया। टीम में खीमानंद, बलवंत सिंह, विक्रांत सिंह और भास्कर चंद्र शामिल रहे।

### ई-रिक्शा टिपर, ई-ट्रॉली कार्ट का लोकार्पण 2 को

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर को मुरादाबाद रोड स्थित नैनी पेपर्स मिल द्वारा सीएसआर परियोजना के अंतर्गत प्रदत्त किये गये ई-रिक्शा टिपर और ई-ट्रॉली कार्ट (नगर निगम के कचरा संग्रहण हेतु) का लोकार्पण गुरुवार, 2 अप्रैल को प्रात: 11.30 बजे से नगर निगम सभागार, काशीपुर में नगर निगम महापौर दीपक बाली एवं नगर आयुक्त रवीन्द्र बिष्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पधार कर नैनी परिवार को अनुग्रहित करें।

# लोधिया के पास हुए हादसे में मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** नगर के लोधिया के पास हुए हादसे का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे पर लोधिया के पास अनियंत्रित डंपर की टक्कर से वाहनों के क्षतिग्रस्त होने का वीडियो वायरल हुआ था। अब मामले को लेकर ट्रक चालक गणाईगंगोली पिथौरागढ़ निवासी सूजर सिंह ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह शुक्रवार रात वह किच्छा से ट्रक में कोल्ड ड्रिंक लेकर गणाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान रात नौ बजे विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित डपंर ने ट्रक को टक्कर मार दी। इससे उनका ट्रक 25 मीटर खाई की ओर लुड़क गया। हादसे में वह और उनका हेल्पर 20 मिनट तक ट्रक में ही फंसे रहे। बाद में स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर बचाया। घटना में गंभीर रूप से चोटिल उन्हें और हेल्पर को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कहना था कि डंपर चालक की लापरवाही से हादसा हुआ, जिसमें उनका ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कोल्ड ड्रिंक का भी नुकसान हुआ। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# भाजयुमो नगर कार्यकारिणी का स्वागत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर कार्यकारिणी की घोषणा हो गई है। सोमवार को चौघानपाटा में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की।

मौके पर कार्यकर्ताओं ने नगर के नगर में स्वागत रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत के पार पहुंचेगी। नगर कार्यकारिणी में नवनियुक्ति उपाध्यक्ष पद पर पारस कांडपाल, नितिन भंडारी, नगर उपाध्यक्ष में अभिषेक तिवारी, महामंत्री पद पर अशीष डोगरा, कोमल जोशी, मंत्री में खजान पांडे, पुष्कर बिष्ट, पारस लोहनी, कोषाध्यक्ष में राजेश तिवारी, मीडिया



संयोजक में निखिल तिवारी, सोशल मीडिया संयोजक में आर्यन कुमार का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर यहां जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, जिला उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, नमन गुरुरानी, पार्षद अमित साह, सौरव वर्मा, अर्जुन बिष्ट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से बचाव के बताए उपाय

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** जिले भर में पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। सोमवार को पुलिस ने जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा और नए कानूनों को लेकर लोगों को जानकारी दी। जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जानकी भंडारी ने ग्रामीणों को मानव तस्करी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग), गौरा शक्ति ऐप, नये आपराधिक कानून के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्टिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड आदि से बचाव के उपायों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या व्यक्ति पर तुरंत विश्वास न करें व अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। आपातकालीन सहायता के लिए डायल 112, साइबर अपराध से संबंधित शिकायत को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और मानव तस्करी व महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। यहां अपर उप निरीक्षक बीना दोसाद, महिला कांस्टेबल अनीता टम्टा, महिला होमगार्ड आकांक्षा तिलारा आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा के लिए किया जनसम्पर्क

**काशीपुर।** अम्बेडकर सन्देश शोभायात्रा के जनसंपर्क अभियान का प्रारम्भ करते हुए वार्ड संख्या 6 हिम्मतपुर मे युवा साथियों से संपर्क किया व सम्मानित पार्षद सतीश कुमार के कार्यालय पर बैठक की गई जिसमे सभी साथियों से 14 अप्रैल को काशीपुर मे आयोजित भव्य अम्बेडकर सन्देश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किये जाने का आव्हान किया गया सभी साथियो ने सुबह शोभायात्रा मे अधिक से अधिक साथियो सहित आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद सतीश कुमार, पंकज कुमार, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष सुकलेश कुमार आज़ाद, उपाध्यक्ष हरगुलाल गौतम, महासचिव महिलाल गौतम, कोषाध्यक्ष शंकर सिंह, सरक्षक जयपाल सिंह थे।

# लिली तिराहे के पास 104 विस्फोटक छड़ें बरामद

## मामले का खुलासा कर पुलिस ने होटल मालिक पान सिंह को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**बागेश्वर।** जिले में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने शामा क्षेत्र के लिली तिराहे स्थित एक होटल से 104 विस्फोटक छड़ें बरामद की गई हैं। मामले में होटल स्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए जानक. ारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में शत प्रतिशत सत्यापन, नशा मुक्त के खिलाफ जनपद पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान चौकी शामा प्रभारी सुमित कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र के होटलों व होमस्टे की नियमित जांच कर रहे थे। इसी दौरान होटल खिलैश की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान काउंटर के नीचे रखे एक कट्टे से 104 बेलनाकार विस्फोटक छड़ें बरामद हुई, जिन पर राज जेल 90 अंकित था। मौके पर मौजूद होटल स्वामी पान सिंह (52) पुत्र उमेद सिंह को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वर्ष 2010 से 2012 के बीच क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान वह बारूद गोदाम की देखरेख करता था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बची हुई विस्फोटक सामग्री को उसने अवैध रूप से अपने पास रख लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊधमसिंह नगर से बम निरोधक दस्ता और स्निफर डॉग मौली को मौके पर बुलाया गया। टीम ने विस्तृत जांच के बाद पुष्टि की कि बरामद सामग्री विस्फोटक है, जिसे सुरक्षित तरीके से नष्ट किया जाना आवश्यक है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कपकोट में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 5 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 के तहत मुक. दमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद विस्फोटक को सील कर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एसपी ने पुलिस टीम की सराहना की।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग शुरू

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा देवलचौरा मंडल का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन की राष्ट्रवादी विचारधारा, कार्यसंस्कृति, सेवा-भाव एवं 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को आत्मसात करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल मार्गदर्शन ही नहीं, बल्कि बूथ से लेकर शिखर तक संगठन को और अधिक सुदृढ़, सशक्त एवं जन-जन से जोड़ने की प्रेरणा का सशक्त केंद्र बनेगा। संगठन की शक्ति को जन-जन तक पहुंच. ाकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा भी प्राप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष



प्रभा गढ़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, ज्येष्ठ प्रमुख निर्मला फर्त्याल, कार्यक्रम सह संयोजक मथुरा प्रसाद, जिला महामंत्री संजय परिहार, आशीष धपोला, प्रकाश बिष्ट आदि मौजूद रहे। इधर जिला मुख्यालय के विकास भवन समीप मां भगवती वेडिंग प्वाइंट में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन बेला में पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, प्रदेश महांत्री कुंदन सिंह परिहार, नगर अध्यक्ष विवेक तिवाड़ी, विधायक पार्वती दास मुख्य अतिथि रही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मतलब राष्ट्र निर्माण, तपस्या व राष्ट्रसेवा की भावना पर आधारित है। पार्टी के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# मेला मजिस्ट्रेट से की ठेकेदार की शिकायत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** प्रसिद्ध चैती मेले में महंगाई की मार झेल रहे दुकानदारों के साथ ही पटरी कारोबारी मनमर्जी तहबाजारी वसूले जाने से बुरी तरह परेशान हैं। परेशान पटरी कारोबारियों ने मेला मजिस्ट्रेट से शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगाई है। करीब सात-आठ वर्ष पूर्व प्रशासन के साथ में आया ऐतिहासिक चैती मेला प्रत्येक वर्ष महंगा होता जा रहा है। इस वर्ष मेले में दुकान व तहबाजारी का ठेका 2,63,55,932 रुपये में हुआ है, जो कि पिछले वर्ष के मुक. ाबले 50 लाख रुपये अधिक है। लगातार ठेका महंगा होते जाने से बहुत से दुकानदारों ने यहां आने से मुंह मोड़ लिया। जो आये हैं वे मंहगाई की मार झेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मेला में पटरी कारोबारियों (तहबाजारी) से तहबाजारी ठेकेदार द्वारा मनमर्जी रुपये वसूले जाने की चर्चा जोरों पर है। मेला क्षेत्र के नीरा, कुल्फी, पेठा व जूस बेचने वाले ठेला कारोबारियों ने बताया कि उन्हें तहबाजारी वसूली में सौ रुपये की पर्ची दी जा रही है, जबकि उनसे बिना किसी लिखित के 300 से लेकर 800 रुपये प्रतिदिन वसूल किया जा रहे हैं। इस संबंध में मेला मजिस्ट्रेट/एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। कुछ लोगों ने तहबाजारी की पर्ची दिखाकर उनसे शिकायत की है। इस मामले में संबंधित ठेकेदार को बुलाया गया है। शिकायत सही पाये जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# काव्य सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** स्थानीय श्री अग्रवाल सभा में साहित्य दर्पण संस्था के तत्वावधान में संस्था की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित



भव्य स्मारिका विमोचन एवं कवि सम्मेलन का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एस.पाल सिंह रावत ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुरादाबाद से आये गीतकार कवि श्रीकृष्ण शुक्ल, बहजोई से कवि रूप किशोर गुप्ता, संभल से अतुल कुमार शर्मा, पीलीभीत से, फिरोजाबाद से हास्य व्यंग कवि डॅ. संजीव तपन, सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी, शेष कुमार सितारा, वरिष्ठ सर्जन एवं कवि डॉ. एस पाल सिंह रावत पथिक, डॉ. सुरेन्द्र मधुर, सुरेन्द्र भारद्वाज, सोमपाल प्रजापति, मुनेश कुमार शर्मा, डॉ. पुनीता कुशवाह, कैलाश यादव, शुभम लोहनी, प्राची तिवारी समेत कवियों ने अपनी ओजमय हास्य व्यंग रचनाओं से स्वर्ण जयंती को यादगार बनाते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संचालन डॉ. प्रतोष मिश्रा ने किया। संस्था अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कटियार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार अग्रवाल, डीके साहू, सावित्री देवी, बृजेश कुमार गुप्ता, संजय शर्मा, अग्रपाल सिंह यादव, मुनेश कुमार शर्मा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, जेपी अग्रवाल, राजीव अरोड़ा, मेजर मुनीशकांत शर्मा, डॉ. संजीव गुप्ता, एमपी गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, अर्चना लोहनी आदि मौजूद रहे।

# सागौन की लकड़ी से भरा पिकअप पकड़ा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**शांतिपुरी।** निकट ग्राम तीलियापुरी में रात्रि में मुखबिर की सूचना पर प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, सुरक्षा दल तराई पूर्वी हल्द्वानी को प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन संख्या यूके06सीबी2214 तीलियापुर जंगल से सागौन की लकड़ी ले जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेने पर प्रभारी वन क्षेत्राधिक. ारी, सुरक्षा दल ने अपने अधीनस्थ स्टाफ वन दरा. गा प्रकाश तिवारी, वन दरोगा कृष्ण शर्मा एवं वन आरक्षी ललित बिष्ट को तत्काल तैयार कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की ओर रवाना किया गया और रात्रि लगभग 11.45 बजे के समय धौराडाम रोड, सूर्य नगर-5 के समीप पहुंचने पर एक संदिग्ध पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया। उक्त वाहन को रुकने का इशारा किया गया, परंतु वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज गति से किच्छा की ओर भगा दिया गया। कुछ दूरी पर चालक द्वारा वाहन को सूर्य नगर के समीप सड़क पर खड़ा कर छोड़ दिया गया तथा वह अंधेरे का लाभ उठाकर आबादी की ओर भाग गया। टीम द्वारा पीछा किए जाने के बावजूद चालक को पकड़ने में सफलता प्राप्त नहीं हुई।



# पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की बैठक

**अल्मोड़ा।** जिले के पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की सोमवार को त्रिमासिक बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने समस्याओं का निदान नहीं होने पर रोष जताया। अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के गठन समेत अन्य समस्याओं के निदान की मांग उठाई। सोमवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि उत्तराखंड एक सैनिक और अर्ध सैनिक बाहुल्य राज्य है। इसके बावजूद सरकार ने अब तक अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन नहीं किया है। सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री फोर्स के लोगों के लिए कोई मेडिकल सुविधा भी नहीं है। पूर्व सैनिकों ने अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन करने, सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री फोर्स के लिए मेडिकल सुविधा देने, डिस्पेंसरी खोलने, पैरामिलिट्री के लिए अलग से मंत्रालय खोलने की मांग की गयी।

# जंगली जानवर के हमले में घायल किशोर के परिवार ने स्वास्थ्य विभाग पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जंगली सुअर के हमले में घायल किशोर के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाए। कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में उनके घायल बेटे को विभागीय कर्मचारी सही से टांके तक नहीं लगा पाए। जिसके कारण उन्हें बेटे के लिए और अधिक चिंता बनी हुई थी। इसी लिहाज से वे अपने घायल पुत्र का उपचार करने जिला मुख्यालय पहुंचे है। बता दें कि बीते शुक्रवार को कपकोट के फरसाली के मल्लादेव गांव निवासी आनंद गोस्वामी (13) पुत्र देवेंद्र गिरि गोस्वामी पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया था। जिसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट ले जाया गया। जहां किशोर का उपचार सही से न होने पर परि. जनों ने कड़ी नाराजगी जताई। किशोर के पिता ने बताया कि उनके बेटे के पांव में कर्मचारियों द्वारा सही से टांके तक नहीं लगाए गए। जिसके बाद वे चार दिनों से जिला अस्पताल में उपचार करवा रहे है। इधर पीड़ित से मिलने पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कांग्रेस नेता बालकृष्ण सहित अन्य ने स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाए। वही वन विभाग से पीड़ित परिवार को जल्द मदद दिलाए जाने की बात कही। जिला अस्पताल में पहुंचे वन विभाग की टीम ने बताया कि विभाग द्वारा अपनी कार्रवाई कर दी है। मामले में तात्कालिक सहायता राशि पीड़ित को दे दी है, हालांकि आगे की कार्रवाई जारी है। इधर जिला जिला अस्पताल में घायल का उपचार हड्डी के डाक्टर गिरजा शंकर जोशी की देख रेख में चल रहा है।



# कांग्रेस विकास की अनदेखी सहन नहीं करेगी: अलका पाल

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अलका पाल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि रामनगर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर अधूरे पड़े ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण न होने पर कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों से भी अधिक समय से रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण अधूरा होने से जहां यातायात में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता को भी भारी असुविधा हो रही है। महानगर जिला अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर इस विषय में अवगत कराया है। साथ ही उप जिलाधिकारी से वार्ता कर ओवर ब्रिज की निर्माणाधीन कार्यदायी संस्था एनएच और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से इसके शीघ्र निर्माण की मांग की है। अलका पाल ने कहा कि काशीपुर में लंबे समय से भाजपा के विधायक, सांसद एवं मेयर निर्वाचित हैं। बावजूद इसके वर्षों से अधूरे पड़े ओवरब्रिज की किसी को भी सुध नहीं है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम 2 अप्रैल को

**काशीपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष में श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल दिन गुरुवार को धूमधाम से श्री चामुंडा मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ सायं 3.30 बजे से, महाआरती सायं 7.00 बजे से, प्रसाद वितरण एवम भंडारा सायं 7.30 बजे से होगा। जानकारी भारतीय वैश्य महासंघ महानगर के सत्यम अग्रवाल ने दी।

# सलामी तक नहीं दे सके सिपाही

## कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी हुए नाराज़, अव्यवस्थाओं पर बिफरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया, लेकिन निरीक्षण की शुरुआत गार्द सलामी से ही खराब हो गई। जब पुलिस कर्मियों ने गार्द सलामी दी, तो सलामी की गुणवत्ता पर एसपी सिटी नाराज हो गए।

सलामी में मौजूद दरोगा और सिपाहियों के सामने एसपी सिटी ने फिर से सलामी करवाई और सख्त हिदायत दी कि अभ्यास किया जाए।

बता दें कि एसपी सिटी मनोज कत्याल के निरीक्षण से पहले पुलिस कर्मियों ने कोतवाली में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा और हर अव्यवस्थित सामान को उचित स्थान पर सजा दिया, ताकि जब एसपी सिटी साहब की नजरें वहां जाएं तो सब



कुछ दुरुस्त दिखाई दे। लेकिन गार्द सलामी में हुई गलती से निरीक्षण की शुरुआत खराब हो गई। सलामी के बाद एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया और यहां भी वे ज्यादा खुश नहीं दिखाई दिए। उन्होंने मालखाना में दस्तावेजों की अव्यवस्था पर नाराजगी जताई और कहा कि मालखाना किसी भी कोतवाली की शान होती है, और उसे व्यवस्थित करने की बात की। एसपी सिटी ने साफ-सफाई पर जोर देते हुए कहा कि कोतवाली आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए, खासकर सीनियर सिटीजन के साथ ज्यादा धैर्य बरतें। इस दौरान सीओ अमित कुमार सैनी, कोतवाल विजय कुमार मेहता एसएसआई रोहतास सागर, एसएसआई भूपेंद्र मेहता, एसआई प्रेम विश्वकर्मा, एसआई मनोज कुमार, एसआई कृष्णा गिरी चौकी, एसआई रविंद्र राणा, एसआई आरती सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

### फिर से सलामी करवाई, हिदायत भी दी

गार्द सलामी का नेतृत्व महिला दरोगा कर रही थीं, उनके पीछे कुछ सिपाही थे और सामने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल थे। जब सिपाही सलामी देते हुए थोड़ा असहज नजर आए, तो एसपी सिटी मनोज कत्याल ने तुरंत नाराजगी जताई। उन्होंने सिपाहियों की वर्दी, जूते और बॉडी लैंग्वेज की जांच की और फिर से सलामी करवाई। एसपी सिटी ने सख्त शब्दों में हिदायत दी कि इस तरह की गलती फिर से नहीं होनी चाहिए और सिपाहियों को नियमित अभ्यास करने की सलाह दी।

### सिपाहियों को शस्त्र प्रशिक्षण के निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी मनोज कत्याल ने सिपाहियों से उनके कामकाजी हालात और समस्याओं के बारे में पूछा, लेकिन एक सवाल पर सिपाही चुप रह गए। एसपी सिटी ने पूछा अगर दंगा होता है तो आप कौन सा हथियार इस्तेमाल करेंगे? इसका कोई भी सिपाही जवाब नहीं दे सका। एसपी सिटी ने सभी को फटकारते हुए हर मंगलवार को शस्त्र प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के निर्देश दिए।

# महिलाओं की हरकत पर युवक ने ज़हर खा दी जान

## शराब तस्करी के मामले में महिलाओं ने किया था वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** शराब तस्करी के शक में स्कूटी सवार को महिलाओं द्वारा जबरन रोका गया। उसकी स्कूटी की डिग्गी खुलवाई गई और इस दौरान पूरी घटना का वीडियो बनाया गया। स्कूटी की डिग्गी से कच्ची शराब बरामद होने के बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अवसाद में आए युवक ने अपने परिजनों से यह बात साझा की और फिर जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है। मामला लालाकुआं कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार रावतनगर बिंदुखत्ता निवासी दीपक सिंह पुत्र माधव सिंह यहां परिवार के साथ रहता था। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीपक के भाई प्रवीण ने बताया कि कुछ दिन पहले दीपक स्कूटी लेकर बाजार गया था। कुछ देर बाद वह वापस घर की ओर लौट रहा था। रास्ते में ग्रामीण महिलाओं ने उसे जबरन रोक लिया और वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जबरन उससे स्कूटी की डिग्गी खुलवाई। डिग्गी में कच्ची शराब दिखने के बाद लोगों ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रवीण का कहना है कि यह वीडियो क्षेत्र में तेजी से वायरल हुआ। दीपक ने यह वीडियो देखा तो अवसाद में चला गया। लोग दीपक के बारे में बातें करने लगे। यह बात दीपक के घर तक भी पहुंच गई। पूछताछ हुई तो दीपक ने पूरी बात बताई और बताया कि पूरे इलाके में उसकी बदनामी हो गई है। जिसके बाद रविवार को दीपक ने सल्फास गटक लिया। हालत बिगड़ी तो आनन-फानन में परिजन दीपक को लेकर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। लालकुआं कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा का कहना है कि घटना उनके संज्ञान में है, लेकिन परिजनों की ओर से अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस को बताते, वीडियो क्यों वायरल की

**लालकुआं।** पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीपक के भाई प्रवीण का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि उसका भाई शराब की तस्करी करता था, लेकिन अगर ऐसा था भी तो लोगों को पुलिस से शिकायत करनी चाहिए थी। उसे लोगों के वीडियो बनाने से भी एतराज नहीं है। प्रवीण का कहना है कि वीडियो बनाने के बाद उसे पुलिस को देना चाहिए था, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने का अधिकार लोगों को किसने दिया। प्रवीण ने ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि अगर वीडियो वायरल न होता तो उसका भाई आज जिंदा होता। उसका दो माह का बेटा अनाथ हो गया है।

# हमले की झूठी सूचना देने पर युवक का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 112 के दुरुपयोग पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने पर आरोपी का 5



हजार रुपए का चालान किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 29 मार्च को दोपहर करीब सवा तीन बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि भोटियापड़ाव स्थित वैलेजाली लॉज क्षेत्र में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान मौके पर मौजूद सूचनाकर्ता राहुल चौहान निवासी वैलेजॉली लॉज नशे की हालत में मिला। पूछताछ में उसने बताया कि उस पर किसी प्रकार का हमला नहीं हुआ है और उसने शराब के नशे में झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत मौके पर ही 5 हजार रुपए का चालान किया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि डायल 112 का उपयोग केवल आपात स्थिति में ही करें। झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डिलीवरी मैन ने 2500 रुपये में बेच दिया सिलेंडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में पहले से ही गैस आपूर्ति समय पर न होने की समस्या के बीच एक कालाबाजारी का मामला

### पार्षद रवि जोशी की शिकायत पर एजेंसी प्रबंधक ने पुलिस को सौंपी तहरीर

सामने आया है, जिसने प्रशासन और स्थानीय गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी की इंडियन गैस सर्विस के डिलीवरी मैन शिब्बू आनंद बाग वार्ड-11 में सिलेंडर वितरित कर रहा था। आरोप है कि इस दौरान उसने एक उपभोक्ता को 2500 रुपये में गैस सिलेंडर बेच दिया, जो निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक है। इस मामले की जानकारी वार्ड पार्षद रवि जोशी ने संबंधित अधिकारियों को दी और शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के बाद हल्द्वानी गैस सर्विस के प्रबंधक ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देकर डिलीवरी मैन के खिलाफ कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही। हल्द्वानी में पहले से ही गैस की आपूर्ति समय पर नहीं हो पा रही है, जिससे आम नागरिकों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कालाबाजारी का यह मामला और भी गंभीर चिंता का विषय बन गया है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की कथित सख्ती और निगरानी के दावों के बावजूद, सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। पार्षद रवि जोशी ने कहा कि इस तरह के मामलों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हालांकि, हल्द्वानी गैस एजेंसी का कहना है कि दोषी डिलीवरी मैन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### गैस की किल्लत पर व्यापारियों ने जताई नाराज़गी

**हल्द्वानी।** गैस की किल्लत को लेकर प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन की बैठक में पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल रही है, जिससे आम जनता परेशान है। प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता और प्रदेश कोषाध्यक्ष पूरन लाल साह ने कहा कि सरकार जहां गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल अलग है। कई गैस एजेंसियों से जुड़े लोगों के मोबाइल बंद है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि इस स्थिति का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी में लगे है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की कि गैस की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी की मांग की। उन्होंने कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमों को सरल बनाने की भी मांग की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, देवेश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, ऋषभ पाठक आदि मौजूद रहे।

# शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्र से एक युवक व एक महिला को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी में पकड़ी गई एक महिला जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात राजपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी उनको मुखबिर की सूचना मिली की एक युवक शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने सूरज शर्मा राजेन्द्र नगर राजपुरा को गौलागेट के पास से रंगेहाथ शराब बेचते गिरफ्तार किया। जिसके पास से 52 पाउच देशी शराब बरामद की। वहीं दूसरी ओर मुखानी पुलिस भी क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने लामाचौड़ में एक घर से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला ने अपना नाम किरन नाथूपुर पाड़ली लामाचौड़ निवासी बताया। पुलिस ने दोनो शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# प्यार का झांसा देकर रचाया विवाह, किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्यार का झांसा देकर एक युवक नाबालिग युवती को लेकर

### आरोपी के चंगुल से निकल कर भागी पीड़िता मां संग पहुंची हल्द्वानी कोतवाली

फरार हो गया और उसके साथ शादी भी कर ली, इतना ही नहीं युवक पर आरोप है कि उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म भी किया। किसी तरह युवक के चुंगल से भागी युवती परिजनों के पास पहुंची और मां के साथ कोतवाली पहुंची। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौलापार में रहने वाली 14 साल की पीड़िता सोमवार की शाम हल्द्वानी कोतवाली पहुंची और पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाला एक युवक उसे बहला-फुसला कर अपने साथ अपने गांव ले गया। जहां उसके साथ न सिर्फ शादी की बल्कि जबरन उसके साथ दुष्कर्म भी किया। पीड़िता ने बताया कि वह युवक के चुंगल से बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई और सीधे घर पहुंची। बता दें कि मामला गौलापार क्षेत्र का होने का कारण पुलिस ने उसे काठगोदाम कोतवाली भेज दिया। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलते ही मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# पैरा लॉन में निर्मला का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** असम के सरुसाजाई स्टेडियम में 25 से 28 मार्च तक आयोजित हुए द्वितीय पैरा लॉन बॉल्स नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उत्तराखंड की खिलाड़ी निर्मला मेहता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ऑल असम पैरा लॉन बॉल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में देशभर के 11 राज्यों से करीब 120 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की कार्मिक निर्मला मेहता ने बी-6 कैटेगरी में वूमेन डबल और वूमेन ट्रिपल इवेंट में हिस्सा लिया। उन्होंने वूमेन ट्रिपल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि वूमेन डबल इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक भी है।



# आठ बहनों को भेंट की गई 'भिटोली'

## प्रथा को बचाए रखने के लिए सौहार्द जन सेवा समिति की पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की पारंपरिक संस्कृति और भिटोली प्रथा को बचाए रखने के उद्देश्य से सौहार्द जन सेवा समिति ने सोमवार को एक अनूठी पहल की शुरूआत की है। समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बताया कि यह प्रयास उत्तराखंड की भिटोली प्रथा को पुन: जीवित करने और समाज में सशक्तिकरण के लिए किया गया है। समिति ने इस प्रथा को सहेजते हुए एक नई शुरुआत की है। उन्होंने कहा है कि जिन लड़कियों का मायका नहीं है यानी जिनके माता-पिता और भाई नहीं हैं, उन लड़कियों को भी भिटोली दी जानी चाहिए। चाहे वह



लड़की अमीर हो या गरीब, भिटोली का अधिकार हर लड़की को है। समिति ने कहा कि हर लड़की को यह एहसास होना चाहिए कि मायका उनके साथ है, और अगर वह कभी मायके की याद करती हैं, तो किसी से उन्हें भिटोली मिलने की भावना होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से माया उप्रेती, राम पांडे, डौली अग्रवाल, अंशु नेगी, अंजू कांडपाल, ममता रजवार, मुन्नी नयाल और गोविंदी बिष्ट सहित आठ बहनों को भिटोली के रूप में उपहार स्वरूप साड़ी, मिठाई, फल, पैसे और पकवान भेंट किए गए। भिटोली पाकर सभी बहनें काफी भावुक हो गईं। समिति अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि हम हर साल इन बहनों को भिटोली देंगे और यह प्रथा हमेशा जीवित रहेगी। इस पहल से समाज में भाई-बहन के रिश्ते को नया दृष्टिकोण मिलेगा। इस मौके पर नीमा बिष्ट, मेघा त्रिपाठी, नीरजा बोरा, नंदा पांडेय, शशि जोशी, पूर्णिमा पांडे, अंजू पांडे, पुनीता पांडे, ईश्वर चंद्र भट्ट, मोहन चंद जोशी, डा. गीता मिश्रा मौजूद रही।

# डा. अनिल कार्की 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डा. अनिल कार्की को उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान (चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2025 के लिए घोषित इस सम्मान का अलंकरण समारोह आज सोमवार को देहरादून स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्कर सिंह धामी रहे। इस अवसर पर भाषा मंत्री खजान दास, वन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, भाषा संस्थान की निदेशक मायावती डकरियाल तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. लोहनी को भी भाषा संस्थान के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया। डा. कार्की को सम्मान स्वरूप 50 हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र, सम्मान-चिह्न और अंगवस्त्र प्रदान किया गया।



# महिलाओं की भागीदारी पर ज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑल इंडिया वूमन्स कॉन्फ्रेंस की नारी शक्ति शाखा द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जन कल्याण राज्य मंत्री शांति मेहरा, शाखा अध्यक्ष विमला सांगुड़ी व सचिव नीरजा बोरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा के कार्यों की समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाखा की सचिव नीरजा बोरा ने बताया कि शाखा द्वारा महिला सशक्तिकरण, वरिष्ठ जन कल्याण, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर तथा गरीब बच्चों की शिक्षा जैसे सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में उनकी भूमिका और अनुभवों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने जागरूकता फैलाने, सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. गोदावरी जोशी, सुशीला तिवारी, अधिवक्ता भावना, कुसुम दिगारी, नीमा रावत, कामिनी पाल, निर्मला जोशी, मीना पांडे, हेमा नेगी, विमल पांडे, निहारिका डालाकोटि, बीना अधिकारी सहित कई लोग मौजूद रहे।



### गैस सिलेंडरों का वितरण

बागेश्वर। सोमवार को विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से निर्धारित स्थलों पर घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 638 गैस सिलेंडरों का वितरण विभिन्न क्षेत्रों में संपन्न किया गया। हालांकि जिला मुख्यालय में भरे गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कही वितरित नहीं हुए। विभाग ने बताया कि हल्द्वानी गैस प्लांट में गैस उपलब्ध न होने के इंडियन गैस एजेंसी बागेश्वर द्वारा गैस वितरित नहीं हो पाई। इसके अलावा गरुड़ इंडेन गैस सर्विस, गरुड़ द्वारा भतड़िया, सरोली, नाकुरी, बद्रीनाथ, डुमलोट, कौसानीस्टेट में 234 सिलेंडरों का वितरण हुआ। कपकोट इंडेन गैस सर्विस, कपकोट द्वारा बालिघाट, हरसिला एवं असो क्षेत्रों में 234 सिलेंडरों का वितरण किया गया। काण्डा इंडेन गैस सर्विस द्वारा सिमगड़ी, मझेड़ा क्षेत्रों में 100 सिलेंडरों का वितरण किया गया।

# दो युवा हॉकी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण ले रहे दो युवा हॉकी खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली उत्तराखंड टीम में हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि बालक वर्ग में कृष्णा वर्मा व बालिका वर्ग में प्रियंका रावत का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि कृष्णा वर्मा की प्रतियोगिता 1 मार्च से 12 मार्च तक राजगीर, बिहार में आयोजित की जाएगी। जबकि प्रियंका रावत को उत्तराखंड की टीम में शामिल किया गया है, और उनकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रांची, झारखंड में आयोजित होगी। प्रशिक्षक वरुण बेलवाल ने बताया कि दोनों खिलाड़ी हल्द्वानी स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण लेते हैं और अनुशासन में बेहद सख्त हैं। उनके समर्पण और मेहनत का परिणाम ही यह राष्ट्रीय स्तर पर चयन है। इस मौके पर उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, किशोर पाल, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, नीलेश गुप्ता, दिनेश रावत, मोहित चौधरी, उमेश रावत और कैलाश जोशी ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



# महिला रामलीला मंचन कल से

## मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी, आज ध्वज पूजन के साथ होगा शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विगत तीन वर्षों से पुनर्नवा महिला समिति द्वारा पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान हीरानगर में होती आ रही महिला रामलीला इस वर्ष भी एक अप्रैल से आयोजित होनी जा रही है। महिला रामलीला मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। कल यानि आज 31 मार्च मंगलवार को ध्वज पूजन किया जायेगा। यह बात समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने कहीं। सोमवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए समिति की अध्यक्ष लता बोरा व सचिव शांति जीना ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले तीन वर्ष की तरह इस बार भी पुनर्नवा महिला समिति द्वारा हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में एक अप्रैल से महिला रामलीला मंचन का



आयोजन करने जा रही है। इस बार भी रामलीला में 4 साल की उम्र की बेटियों से लेकर 75 साल तक की महिलाएं अलग-अलग भूमिका में नजर आयेंगी। सचिव शान्ति जीना ने बताया कि महिला रामलीला के माध्यम से जहां महिला सशक्तिकरण का संदेश जाता है, वहीं प्रभु राम की आदर्श और प्रेरणादायक लीला को निभाने का सौभाग्य भी मिलता है। उन्होंने बताया कि मंचन को पारंपरिक शैली के साथ आधुनिक तकनीकों का समावेश करते हुए और अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है ताकि दर्शकों को एक बेहतर सांस्कृतिक अनुभव मिल सके। इस अनूठे आयोजन को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है और बड़ी सं या में लोग रामलीला देखने के लिए पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस बार महिला रामलीला में माता सीता के जन्म की लीला का भव्य मंचन भी किया जाएगा। समिति प्रचार-प्रसार सचिव कल्पना रावत ने बताया कि पहले दिन नारद मोह, रावण, कुंभकरण और विभीषण को वरदान का मंचन किया जायेगा। उन्होंने कहा रामलीला में सभी पात्र महिलाओं द्वारा निभाए जा रहे है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग रामलीला का मंचन देखने आये और महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन करें। पत्रकार वार्ता के दौरान समिति की उपाध्यक्ष यशोदा रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, अंजना बोरा, रेखा रावत, कमला रौतेला, जया बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कुसुम बोरा आदि मौजूद रहे।

### सैलानियों की आमद बढ़ने से निखरी रंगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी जारी है। सोमवार को भी लगातार तीसरे दिन नगर के पर्यटन स्थल दिन भर सैलानियों से गुलजार रहे। इधर सुबह हुई बारिश के नगर का मौसम सुहावना हो गया। बता दें वीकेंड के बाद सोमवार को अमूमन सैलानियों की आमद कम हो जाती है लेकिन इस बार स्थिति बदली हुई नजर आई। नगर के पर्यटन स्थलों में सोमवार को सैलानियों की खासी रौनक रही और मालरोड, पंत पार्क समेत बाजारों में सैलानियों की भीड़ नजर आई। चिड़ियाघर, स्नो व्यू समेत हिमालय दर्शन, वाटरफाल तथा केव गार्डन में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। इधर नगर में तड़के बारिश शुरू हो गई। करीब आधा घंटा हल्की बारिश के बाद मौसम साफ हो गया लेकिन दिन चढने के साथ बादलों ने भी डेरा डालना शुरू कर दिया।

### जमरानी बांध के लिए महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमरानी बहुद्देशीय परियोजना के अंतर्गत डायवर्जन टनल 2. (8.10 मीटर व्यास) की 600 मीटर लंबाई की खुदाई सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। यह कार्य फरवरी 2025 में प्रारंभ हुआ था और जटिल भू-वैज्ञानिक परिस्थितियों के बावजूद निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए न्यूनतम समय में पूरा किया गया। इस उपलब्धि से परियोजना के अगले चरण लाइनिंग एवं अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है, जो वर्तमान में तीव्र गति से प्रगति पर है। परियोजना अधिकारियों एवं टीम के समन्वित प्रयासों से यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल हुआ है, जिससे क्षेत्र के विकास, सिंचाई एवं जल प्रबंधन को बल मिलेगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाप्रबंधक एमके खरे, बीबी पाण्डे, उप महाप्रबंधक ललित बिष्ट, अजय पंत एवं योगेश काण्डपाल परियोजना प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक उमेश अग्रवाल समेत जमरानी साइट के समस्त फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

### ट्रेनों की अवधि बढ़ाई गई

**हल्द्वानी।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने पूर्व से संचालित विशेष ट्रेनों की अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। सोमवार को उक्त जानकारी देते हुए इज्जतनगर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम साप्ताहिक विशेष ट्रेन 1 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी। वहीं 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक गुरुवार को चलाई जाएगी। ये सभी विशेष ट्रेनें अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय और रेक संरचना के अनुसार ही संचालित की जाएंगी। रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलने के साथ ही भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हाथी तालाब में विशालकाय हाथी की जल क्रीड़ा, गर्मी में लिया ठंडक का आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के बरहैनी वन रेंज अंतर्गत स्थित हाथी तालाब इन दिनों एक विशालकाय हाथी की वजह से आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच यह हाथी तालाब में जल क्रीड़ा करता हुआ नजर आ रहा है, जिससे उसे गर्मी से राहत मिल रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से यह हाथी नियमित रूप से तालाब में आता है और घंटों पानी में समय बिताता है। कभी वह पानी में बैठकर आराम करता है तो कभी सूंड से पानी उछालकर खेलता दिखाई देता है। यह नजारा आसपास के ग्रामीणों के लिए भी उत्सुकता का विषय बना हुआ है। वन विभाग के बरहैनी वन रेंज के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जंगली जानवर अक्सर जल स्रोतों की ओर रुख करते हैं। हाथी का यह व्यवहार सामान्य है और वह अपने प्राकृतिक तरीके से गर्मी से बचाव कर रहा है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और उसे किसी भी प्रकार से परेशान न करें, ताकि वन्यजीवों का प्राकृतिक जीवन प्रभावित न हो।

# दो भाइयों के बीच जमीनी विवाद बना खूनी संघर्ष

- भाई ने भाई पर चलाई गोली, एक की मौत
- पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बकेनिया में रविवार देर रात भूमि के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में हुआ विवाद इतना बढा कि एक भाई ने दूसरे भाई पर गोली चला दी। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।



मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बकेनिया निवासी सरवेश्वर और उसके भाई सर्वजीत के बीच काफी समय से पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पूर्व में कई बार पंचायत पर समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका। रविवार की रात एक बार फिर दोनों पक्ष इसी मुद्दे को लेकर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौज और हिंसक झड़प में बदल गई। बताया जा रहा है कि हाथापाई के दौरान आवेश में आकर एक पक्ष ने तमंचा निकाल लिया और सरवेश्वर पर फायर झोंक दिया। गोली सीधे सरवेश्वर को लगी और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पक्ष मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में परिजन घायल सरवेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी संजय पाठक और चौकी प्रभारी विजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर और क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी संजय पाठक ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला पूरी तरह भूमि विवाद से जुड़ा पाया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। समाचार लिखे जाने तक मामले में पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# पैरोल पर रिहा होकर फरार चल रहे दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने कोविड महामारी के दौरान पैरोल पर रिहा किए गए उन दो बंदियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी वापस जेल नहीं लौटे थे।

जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों के अनुपालन में, कोविड काल के दौरान जेलों से पैरोल पर छोड़े गए सिद्धदोष और विचाराधीन बंदियों की पुनः गिरफ्तारी के आदेश दिए गए थे। इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में ट्रांजिट कैंप पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 24 रम्पुरा स्थित एक किराए के मकान में दबिश दी। वहां से पुलिस ने पप्पू पुत्र मदन लाल और उसकी पत्नी रूपवती को गिरफ्तार किया। दोनों मूल रूप से मोहल्ला पकड़िया, थाना कोतवाली पीलीभीत नगर के निवासी हैं और वर्तमान में रुद्रपुर के रम्पुरा में पहचान छिपाकर रह रहे थे। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार किए गए दोनों बंदी मुक. दमा अपराध संख्या 30/2019 के अंतर्गत धारा 364, 302, 201, 377 और 5/6 पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त थे। कोविड महामारी के दौरान इन्हें पैरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी इन्होंने न्यायालय या जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया था। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अकरम अहमद, अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बबाढी शामिल रहे। पुलिस अब दोनों को जेल भेजने की अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने जिलाध्यक्ष मनोज पाल के गृह नगर पहुंच उनकी दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जसपुर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज पाल के आवास पर उनकी माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री धामी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।



# दा ऑक्सफोर्ड अकादमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दा ऑक्सफोर्ड अकादमी में आज सोमवारी को कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंध समिति की सदस्य मितिका बत्रा, प्रीती पपनेजा एवं प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

विद्यार्थियों ने स्वागत गीत द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके उपरान्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सर्वाधिक उपस्थिति, बहुंमुखी प्रतिभा तथा खेल कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन आदि श्रेणियों के अन्तर्गत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पदक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति की डायरेक्टर मितिका बत्रा ने नये सत्र से कक्षा 11 एवं 12 हेतु कला वर्ग का संचालन करने की संस्तुत प्रदान की। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, मितिका बत्रा, अमित जिन्दल, सुरेन्द्र मिड्ढा, प्रधानाचार्य केएस नेगी, उप प्रधानाचार्य सीएम जोशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# गैस की कालाबाजारी को लेकर जमकर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंडी में स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर गैस की कालाबाजारी को लेकर भाजपा नेता आशीष ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने गैस प्रबंधक बाबूराम का घेराव कर धरने पर बैठकर जमकर हंगामा किया।

भाजपा नेता आशीष ठाकुर ने कहा एक गाड़ी में 360 सिलेंडर आ रहे हैं, लगभग साढ़े आठ हजार सिलेंडर चार-पांच दिन में इस एजेंसी पर आ गए हैं, लेकिन उपभोक्ता 16 मार्च 17 मार्च की पर्ची लेकर घूम रहे हैं, उन्हें गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही और होटल में कालाबाजारी की जा रही है। वहां पर कैसे गैस पहुंच रही है। उन्होंने कहा होम डिलीवरी के माध्यम से घर-घर गैस पहुंचाने के लिए डीएम नितिन भदोरिया के निर्देश हैं गैस घर पर पहुंच नहीं रही और लोगों के मोबा. इल पर होम डिलीवरी के मैसेज आ जा रहे हैं। यहां पर आधा दर्जन होटल हैं, जिन पर घरेलू गैस एलपीजी के सिलेंडर ब्लैक करके भेजे जा रहे हैं और मोटा पैसा कराया जा रहा है। गैस प्रबंधक बाबूराम ने बताया कि आज गैस सिलेंडर की दो गाड़ियां आ रही हैं और इस समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। होम डिलीवरी के माध्यम से सभी को गैस उपलब्ध कराने का मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा है कि होम डिलीवरी करने वाले गैस लेकर जाते हैं तो लोग उनसे जबरदस्ती सिलेंडर ले रहे हैं। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है। इस मौके पर सभासद महेश कुमार आशू, लीलाधर सैनी, कपिल अरोड़ा, रघुवीर सिंह, रमेश पाल, आशीष ठाकुर, प्रदीप कुमार आदि थे।



# बाजपुर के जवान दीपक सिंह डोवाल का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार**

**बाजपुर।** सोमवार को क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा निवासी भारतीय सेना के जवान दीपक सिंह डोवाल का 27 मार्च को गुजरात के बडोरा में एक सैन्य कोर्स के दौरान अचानक निधन हो गया। इस दुखद घटना से परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

दीपक सिंह डोवाल, पूर्व सैनिक सरबजीत सिंह डोवाल के पुत्र थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी मातम छा गया। रविवार को रानीबाग में उनका अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं सैन्य अधिकारी मौजूद रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। दीपक वर्ष 2012 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे थे। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई नरेंद्र सिंह डोवाल हैं, जबकि एक अन्य भाई भी सेना में सेवाएं दे रहे हैं। दीपक के असामयिक निधन से क्षेत्र ने एक साहसी और कर्तव्यनिष्ठ जवान को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

# नीलिमा राय ने असम से जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** रुद्रपुर मंडी परिषद में कार्यरत अनुसेवक और दिनेशपुर की पैरालंपिक खिलाड़ी नीलिमा राय ने गुवाहाटी असम में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बॉल नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम किए है। प्रतियोगिता 25 से 28 मार्च तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर के 11 राज्यों से करीब 120 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार प्रत्येक खिलाड़ी अधिकतम दो इवेंट में हिस्सा ले सकता था। नीलिमा राय ने बी 6 कैटेगरी में वूमेन सिंगल और वूमेन ट्रिपल इवेंट में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान नीलिमा राय ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए वूमेन सिंगल इवेंट में सिल्वर मेडल और वूमेन ट्रिपल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा बाबा तारकनाथ धाम

- कैलाश नदी से पवित्र जल भरकर किया भगवान शिव का जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** पावन चौत्र माह के तीसरे सोमवार को सुरेंद्र नगर स्थित पौराणिक बाबा तारकनाथ धाम आस्था, भक्ति और श्रद्धा के महा. सागर में डूबा नजर आया। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं भगवान शिव अपने भक्तों को आशीर्वाद देने धाम में विराजमान हों।

प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर के बाहर लगनी शुरू हो गई थीं। हर उम्र के लोगों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला



बुजुर्गों के चेहरे पर गहरी श्रद्धा, महिलाओं की आंखों में अटूट भक्ति, युवाओं में जोश और बच्चों में भोलेनाथ के प्रति अनोखी आस्था झलक रही थी। पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर था। श्रद्धालु स्थानीय कैलाश नदी से पवित्र जल भरकर नंगे पांव बाबा के दरबार तक पहुंचे। हाथों में जल कलश, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और दूध लिए भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। हर अर्पण के साथ भक्तों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की।

इस दौरान हरिद्वार से पवित्र गंगा. जल लेकर आए कांवड़ियों की टोलियों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़िए जब शिव भजनों की धुन पर झूमते हुए मंदिर पहुंचे, तो पूरा धाम शिवमय हो उठा। उनकी भक्ति और समर्पण ने हर किसी को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर में गूंजते भक्ति गीत, बजती घंटियां और मंत्रोच्चारण ने ऐसा दिव्य वातावरण रचा कि हर श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

ऐसा लग रहा था मानो पूरा धाम किसी अदृश्य शक्ति के प्रभाव में अलौकिक आभा बिखेर रहा हो। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पूजा समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। जल आपूर्ति, प्रसाद वितरण, कतार प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के चलते हजारों की भीड़ के बावजूद व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चौत्र माह भगवान शिव की उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। यही कारण है कि पूरे माह यहां भक्तों का तांता लगा रहता है और श्रद्धालु सच्चे मन से भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहते हैं।

इस अवसर पर देवाशीष पोद्दार, राजीव मीरवर, परेश मंडल, बंटी राय, अनंत हालदार, सूरज हालदार, तापस मंडल, समीर साना, मुकेश सरकार, हर्षित सरकार, आशीष हालदार, गोलक विश्वास, कानू सरकार, अमित मंडल, मृणाल, सुकुमार, सुशांत राय, विजय मोहित मंडल, सुमन हालदार, सुमित, राजा हालदार, निर्मल मिस्त्री, सचिंद्र हालदार, रंजीत हालदार, उत्तम शील, दीपक बड़ाल सहित सैकड़ों ग्रामीण और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। कुल मिलाकर, बाबा तारकनाथ धाम में आज का दिन आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उत्सव बनकर सामने आया, जहां हर हृदय में केवल हर-हर महादेव" की गूंज सुनाई दी।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज बंडिया, खटीमा के विशेष शिविर का सातवें दिवस रंगारंग समापन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।

प्रातः काल विद्यालय परिसर की स्वच्छता और क्यारियों के सौन्दर्यीकरण हेतु स्वयं सेवियों ने श्रमदान किया। स्वयं सेवी छात्राओं ने सुन्दर रंगोली भी बनाई। जलपान और भोजन के उपरांत समापन समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य चंदन कुमार, प्रवक्ता रसायन विज्ञान अवधेश कुमार कुशवाहा और पत्रकार और समाजसेवी उत्तम कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। स्वयं सेवी छात्र छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, भाषण,कुंमाउनी, भोजपुरी और थारू लोक नृत्य, पर्यावरण संरक्षण और बालिका शिक्षा पर आधारित नाटिका आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुशल मंच संचालन स्वयं सेवी अंशिका और अंतरा ने किया प्रधानाचार्य ने उत्तम कुमार ,अवधेश कुमार कुशवाहा, कार्यक्रम अधिकारी शिव शंकर मौर्य और वरिष्ठ स्वयं सेवी छात्राओं प्रतिभा और स्नेहा शर्मा को शिविर संच. ालन में विशेष योगदान हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कैम्प कमांडर दिव्या साहनी और प्रतिभा ने एनएसएस इकाई की ओर से प्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नगर के केजेएम सीनियर सेकंडरी स्कूल नानकमत्ता में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर कैलाश चन्द्र जोशी, विद्यालय की प्रेसिडेंट चंद्रा जोशी , प्रधानाचार्य दलजीत सिंह, प्रधानाचार्य महेश जोशी , उपप्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया गया ।

सर्वप्रथम कक्षा नर्सरी मे प्राप्त प्रथम अनिका, द्वितीय ओम पंतोला , तृतीय नील राना ,नवजोत कौर , कक्षा-एलकेजी में प्रथम स्थान शौर्या बिष्ट , द्वितीय स्थान- अभिनव सिंह ,कार्तिक अटवाल , तृतीय स्थान- अरहान खान , अनय चंद , कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान- रिया ,संध्या महिमा ,तनुषा , चिराग , कुश, द्वितीय स्थान, सिया गुप्ता ,शिवांग जोशी , तृतीय स्थान- शिवानी , पार्थ गुप्ता मनवीर ,आरवी सिंह स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को ट्रॉफी व मेडल दिये गए। इसी क्रम मे कक्षा- 1 में प्रथम सीरत कौर , द्वितीय प्रियान्शु भट्ट , जसमीत कौर , वेदानशी गंगवार , तृतीय सर्गुंजोत कौर , हिमानी गरकोटि , कक्षा दो में जपनीत कौर, हरजोत कौर , द्वितीय हार्दिक राणा ,लवली जोशी, अनिका कुमारी , तृतीय स्थान अंबिका , भावना जोशी , हरशिका जोशी कक्षा -तीन में प्रथम स्थान- हर्ष अग्रवाल , द्वितीय स्थान- यशु अटवाल , शौर्य कश्यप, रियांश गुप्ता , तृतीय स्थान- पीयूष चंद , सूरज जोशी कक्षा चार में प्रथम स्थान- लक्ष्य जोशी , युवराज सिंह बिष्ट , लक्षित जोशी, अनिका चंद ,दिया बगोरिया ,द्वितीय स्थान- विराट , हनशिका राणा , तृतीय स्थान- आभाष रस्तोगी , अर्चना जोशी कक्षा पाच में गुरनूर कौर , लवजोत सिंह द्वितीय स्थान- मयंक जोशी ,पीहू राणा तृतीय स्थान- प्रबेश जोशी ,मानशी जोशी , कक्षा छह में प्रथम स्थान - मनीष जोशी , हर्षित जोशी , अवनीर संधु , द्वितीय स्थान- दीपक जोशी , तृतीय स्थान- दलजीत सिंह , कक्षा आठ ए में प्रथम स्थान- गुरनूर कौर , द्वितीय स्थान-दिव्या जोशी ,तृतीय स्थान- कनक जोशी, कक्षा आठ बी में प्रेरणा कौर , द्वितीय स्थान- तरंदीप कौर , तृतीय स्थान- पूर्वी मयूर , मयंक जोशी ,सलोनी कुमारी , साक्षी चंद अंक प्राप्त कर अपनी अपनी कक्षाओं मे स्थान प्राप्त किए ।विद्यालय प्रबन्धक द्वारा सभी बच्चों को आशीषवचन देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही प्रबन्धक महोदय द्वारा समस्त स्टाफ को भी सत्र 2025-26 मे उत्क्रष्ट शैक्षिक वातावरण के लिए बधाई दी।

इस कार्यक्रम में दिव्या जोशी ,जानवी राणा, कला अटवाल , बसंती सममाल , सोनी रस्तोगी ,जसविंदर कौर ,किरांदीप कौर ,सविता राय ,रश्मि भट्ट ,कमला जोशी, पलविंदर कौर, आशा राणा, हेमा उप्रेती , सोनाली भट्ट, नीरू जोशी ,दीपिका बहुगुणा , पूजा कश्यप व अन्य स्टाफ एवं सम्मानित अभिभावक गण मौजूद थे ।

# गैस की किल्लत से गुस्साए लोगों ने कियो गैस एजेंसी का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पीरूमदारा क्षेत्र में गैस की किल्लत से गुस्साये रामनगर के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गैस एजेंसी का घेराव किया। सोमवार को क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन गांवों में लंबे अरसे से चल रही गैस की किल्लत से गुस्साये ग्रामीणों ने गैस एजेंसी का घेराव कर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीरुमदारा क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के चलते उत्पन्न गैस की समस्या से ग्रामीणों का जीवन मुहाल हो गया है। ऑनलाइन बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल रही है। उपभोक्ता भी लाइन पर लगने के बाद भी खाली हाथ वापस जा रहे हैं।गैस की कालाबा. जारी करने वाले लोग दो से ढाई हजार रुपए में एक सिलेंडर बेच रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि अगर गैस की कमी है, तो ब्लैक में गैस बेचने वालों के पास सिलेंडर कहां से आ रहे हैं।पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल ने वितरण केंद्र के अधिकारियों से कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं आया तो जन प्रति. निधियों के सहयोग से ग्रामीणों के साथ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वही रामनगर गैस एजेंसी में भी दो दिन से गैस सिलेंडर की गाड़ियां नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने गहरी नाराजगी जताई है और लोगों ने गैस एजेंसी के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा काटा। उपभोक्ताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि गैस एजेंसी वालो ने गेट बंद कर ताला लगाया हुआ था।इससे लोगों ने ओर नाराजगी जताई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत किया।वही पूर्ति निरीक्षक कमल तिवारी ने बताया कि रविवार और सोमवार को छुट्टी व कुछ अन्य वजह के चलते गैस सिलेंडर की गाड़ियां नहीं आयी।



उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह को दो गाड़ियां आएंगी और घर घर गैस सिलेंडर बांटा जाएगा।इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश सिंह,ग्राम प्रधान रचना रावत,ग्राम प्रधान विक्रम नेगी,ग्राम प्रधान प्रकाश मठपाल,ग्राम प्रधान जसकरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मामला दर्ज कराने की मांग**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता मूल रूप से कोलकाता की रहने वाली है। उसकी पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से बाजपुर निवासी युवक से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद युवक ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए और बाद में 21 जुलाई 2025 को दोनों का निकाह हुआ। पीड़िता का आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति व उसके परिजन इस विवाह से संतुष्ट नहीं थे। इस दौरान पति, ससुर, सास, ननद और जेठ द्वारा लगातार गाली-गलौज, मारपीट और दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता रहा। साथ ही ससुर पर अभद्र हरकत करने के भी आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता के अनुसार, एक दिन पति के घर से बाहर होने पर ससुर उसके कमरे में घुस आया और अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। किसी तरह उसने खुद को बचाया। अगले दिन जब उसने यह बात अपने पति को बताई तो उल्टा पति और अन्य परिजन उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान पति ने परि. जनों के कहने पर उसे तीन तलाक दे दिया और सभी ने मिलकर उसे कमरे में बंद कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला। पीड़िता ने पुलिस से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल बस किराया वृद्धि पर रामनगर परामर्श विधि ने की आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर परामर्श विधि एवं अधिवक्ताओं ने स्कूल बस किराया बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए एक बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखंड द्वारा राज्य में संचालित स्कूल बसों एवं स्कूल वैन के लिए किराया निर्धारण संबंधी आदेश पारित किया गया है, जिसके अंतर्गत 1 से 10 किलोमीटर दूरी के लिए 2200 रुपये परिवहन शुल्क निर्धारित किया गया है।

यह निर्णय समिति की संस्तुति पर आधारित किया गया है।यह आदेश अभिभावकों एवं आम लोगों पर आर्थिक प्रभाव डालने वाला होता है।रामनगर परामर्श विधि और हाईकोर्ट अधिवक्ता पूरन पांडे ने इस निर्णय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त करते हुए इसे मनमाना एवं अव्यवहारिक करार दिया है।

उन्होंने कहा कि बिना व्यापक जनसुनवाई एवं हित धारकों से समुचित परामर्श के इस प्रकार का शुल्क निर्धारण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।हाईकोर्ट अधिवक्ता मनु अग्रवाल ने बताया कि अभिभावकों के संवैधानिक अधिकारों, विशेषकर समानता एवं न्यायसंगत व्यवहार के अधिकार का उल्लंघन कर सकता है।इसलिए इस विषय में पुनर्विचार किया जाना चाहिए।परामर्श विधि परिवार ने कहा कि शीघ्र ही एक अभिभावक संघ का गठन किया जाएगा और संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष इस विषय को विधिक एवं प्रशासनिक स्तर पर प्रस्तुत कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। इस दौरान अधिवक्ता मनोज बिष्ट, फिरोज अंसारी, भूपाल रावत, गौरब गोला आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया हनीट्रैप का बड़ा खुलासा

- प्यार के जाल में फंसाकर व्यवसायी को बनाया बंधक
- अश्लील वीडियो का डर दिखाकर मांगे लाखों रुपये
- एक युवती समेत दो आरोपी पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधम सिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर से हनीट्रैप का बड़ा मामला सामने आया है। महानगर के ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र में एक व्यवसायी ने तहरीर देते हुए एक युवती समेत कुछ अन्य लोगों पर अपने जाल में फंसाकर बंधक बनाने, मारपीट करने और उससे लाखों रुपये की मांग करने के आरोप लगाए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

तहरीर के अनुसार ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यवसायी ने बताया कि पिछले कई दिनों से प्रिया नाम की लड़की उनसे फोन पर चैटिंग कर रही थी। इसके बाद 27 मार्च 2026 को प्रिया ने उसे फुलसुंगी श्मशान घाट पर बुलाया। जिसके बाद प्रिया उसे अपने कमरे पर ले गई, जहां कोई नहीं था। पीड़ित के मुताबिक इसके थोडी देर बाद ऊपर के कमरे से एक लड़की और चार लड़के कमरे में आ गए और जबरदस्ती उसके कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट और गाली गलौच की गई। कहा कि इसके बाद उसे बंधक बनाकर आरोपियों ने उससे पांच लाख रुपये की डिमांड की और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो झूठे रेप केस में फंसवा देंगे। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उससे एक सोने की चेन और 14 हजार रुपये ऑनलाइन डलवाए। इसके बाद आरोपियों ने पिंकी नाम की महिला को फोन करके बुलाया, जिसने उसकी जमानत ली और कहा कि कल 1, 20000 दे देना, नहीं तो झूठे केस में फंस जाओगे। पीड़ित का कहना है कि वह इस घटना से बहुत डर गया था, जिसके बाद उसने 28 मार्च 2026 को आरोपियों को तीस हजार रुपये दे दिए। इसके बावजूद उसे बार-बार धमकियां दी जा रही हैं। आखिर में थक-हारकर पीड़ित ने पुलिस के पास पहुंचकर व्यथा बताई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोतीराम पुत्र चेतराम (निवासी- संभल, यूपी) और पिंकी उर्फ काजल पत्नी राजेश कुमार (निवासी- फुलसुंगी, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर) को गिरफ्तार कर लिया है और धनराशि भी बरामद की है। वहीं मामले में अन्य की तलाश जारी है। जांच में पता चला है कि पिंक उर्फ काजल पहले भी एक मामले में वांछित चल रही है। फिलहाल पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक मनोज जलाल, हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र और महिला कांस्टेबल कंचन चौधरी शामिल रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर दी 170 लोगों को राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** दूरस्थ क्षेत्र अमकड़ियां गांव में अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर विभिन्न प्रकार के 170 रोगियों का उपचार कर उन्हें राहत दी गई।

चिकित्सा शिविर का संचालन डॉ अनुज कुमार सिंह एवं डा. लोकेश जोशी द्वारा किया गया, जबकि पैरामेडिकल स्टाफ में सतीश पुनेठा, पंकज चोंड़ाकोटी, अनिल पुनेठा, मोनिका बिष्ट, जीवन राम ने अपनी सेवाएं दी। यहां रोगियों का उपचार करने के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में महिलाओं में लिकोरिया, खून की कमी पेट संबंधी, दांत, बीपी, आंखों की बीमारी, नर्वस सिस्टम, ईएनटी, चर्म रोग आदि अनेक बीमारियां पाई गई। चिकित्सा दल द्वारा ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए तथा दमा के रोगियों को धूम्रपान एवं किसी प्रकार के नशे से बचने की सलाह दी गई। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज ने कहा कि वर्ष 2026 का यह पहला शिविर है, जिसे ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। निकट भविष्य में मायावती अस्पताल में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।। इससे पूर्व स्वामी जी के साथ आए चिकित्सा दल का ग्राम प्रधान रेखा भट्ट, राजेंद्र गहतोड़ी,लफड़ा के प्रधान रूद्र सिंह, पूर्व प्रधान हेत सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य घनश्याम भट्ट, टीकाराम भट्ट, छतर सिंह बोरा, प्रेम बल्लभ भट्ट आदि लोगों ने उनका स्वागत किया।

# 11 दिन, 7378 मरीज: सीमांत सेवा फाउंडेशन ने रचा सेवा का इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा/चम्पावत।** सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सीमांत सेवा फाउंडेशन ने बनबसा में आयोजित पूर्णागिरि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से 7378 मरीजों का सफल उपचार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। 19 मार्च से 29 मार्च 2026 तक चले इस 11 दिवसीय महाशिविर में हजारों श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और नेपाल से आए लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

शिविर के दौरान 1021 लैब व शुगर जांच, 3010 रक्तचाप परीक्षण और 22 मरीजों के ईसीजी किए गए। इसके अलावा 107 ड्रेसिंग, 54 टीटी इंजेक्शन, 44 डाइक्लोफेनाक, 15 ओन्डिरोन, 8 पेरिनॉर्म और 4 पीसीएम इंजेक्शन लगाए गए। आपातकालीन सेवाओं में 7 मरीजों को आईवी फ्लूड तथा 2 मरीजों को नेब्युलाइजर की सुविधा दी गई। शिविर की सबसे खास बात नेत्र चिकित्सा रही, जिसमें 3000 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई और 1540 जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर संयोजक ललित सिंह कुंवर ने श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली के चिकित्सकों, आरती ड्रग्स लिमिटेड और




माइक्रो लैब्स लिमिटेड द्वारा दवा सहयोग, तथा ISSA फाउंडेशन, जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग चम्पावत के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

शिविर में उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, हरदोई, बहराइच और लखीमपुर सहित दूरस्थ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ बनबसा, खटीमा और नेपाल के नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में लाभ उठाया। स्थानीय युवाओं पीयूष थपलियाल, चंदन बिष्ट, राहुल कश्यप, विक्रम बोरा, वंश मिश्रा, भुवन उपाध्याय, सृष्टि, मनोज कश्यप, लक्ष्मी कश्यप सहित अन्य ने सक्रिय सहयोग देकर इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# स्वतंत्रता सेनानी नजीबुल्लाह का नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया तेज

- सत्यापन के लिए मांगे गए दस्तावेज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नजीबुल्लाह का नाम सूचीबद्ध कर उन्हें सम्मान देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी चम्पावत की ओर से जिलाधिकारी अल्मोड़ा को पत्र भेजकर आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और प्रमाणिकता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मनिहारगोठ, टनकपुर निवासी शहीदन खातून ने अपने पिता स्व. नजीबुल्लाह को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में सूचीबद्ध किए जाने हेतु आवेदन किया था। इस प्रकरण की जांच उपजिलाधिकारी पूर्णागिरि (टनकपुर) द्वारा कराई गई, जिसमें वर्ष 1942 से संबंधित एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज में नजीबुल्लाह को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया गया है, जिसे प्राथमिक युद्ध समिति, जिला अल्मोड़ा के प्रमाण पत्र के रूप में दर्शाया गया है।

हालांकि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित अभिलेखों की पूर्ण पुष्टि अभी शेष है। उपजिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमाण पत्र की वस्तुस्थिति और वैधता स्पष्ट करने के लिए जिलाधिकारी अल्मोड़ा से प्रमाणित अभिलेख और अन्य संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है।

प्रशासन का कहना है कि सभी आवश्यक साक्ष्य मिलने के बाद ही नजीबुल्लाह को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में सूचीबद्ध करने की आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पीड़ित परिवार को सम्मान और अधिकार मिलने की उम्मीद जगी है।

# कांग्रेस बूथ कमेटी के विस्तार को की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर मे कांग्रेस पार्टी नें संगठन कों बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए ग्राम मालधनचौड़ तुमड़ियाडाम प्रथम में कांग्रेस नेता मक्खन सिंह के निवास स्थान पर बूथ कमेटी के साथ बैठक कर बूथ कमेटी के विस्तार और मजबूती को लेकर बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथ कमेटी कों मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महिला ब्लॉक अध्यक्ष मालधन पुष्पा देवी, कांग्रेस नेता गिरधारी लाल, शंकर लाल,सुरेन्द्र कुमार, अपूर्व शाह आदि मौजूद रहे।

# एक ही दिन में तीन कार्रवाई: टनकपुर पुलिस ने मादक तस्करों पर कसा शिकंजा

- अवैध शराब व स्मैक के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार, लगातार जारी रहेगा नशा विरोधी अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चंपावत में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली टनकपुर पुलिस ने एक ही दिन में तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपाधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टनकपुर वंदना वर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत के नेतृत्व में गठित टीम ने रविवार को क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं सुरागरसी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त तीन व्यक्तियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

पहले मामले में पुलिस ने अमन कुमार (26 वर्ष) निवासी बनबसा/टनकपुर को 52 पाउच माल्टा मार्क देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में बनवारी लाल (59 वर्ष) निवासी बंगाली कॉलोनी, टनकपुर को 10 क्वार्टर करनाली डीलक्स नेपाली शराब के साथ पकड़ा गया। तीसरे मामले में समीम निवासी इमली पड़ाव, टनकपुर को 4.61 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली टनकपुर में क्रमश: मुकदमा अपराध संख्या 12/2026, 13/2026 एवं 14/2026 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत, वरिष्ठ उप निरीक्षक पूरन तोमर सहित उप निरीक्षक, अपर उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल स्तर के कुल 11 पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशा तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# अभिभावक संगोष्ठी में वाटर वार्षिक परीक्षा फल घोषित

- कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को दिया विशेष सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा के प्रगति पत्र वितरित किए गए।

इस मौके पर आगामी शैक्षणिक सत्र के योजनाओं की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 3 तक के अधिकांश विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कक्षा एनसी में गरिमा जोशी प्रथम, आन्या राना द्वितीय जियांशी जोशी तृतीय, एलकेजी में देवांक जोशी प्रथम, चित्राश खर्कवाल द्वितीय, कार्तिक मल्ल तृतीय, यूकेजी में दीक्षित मेहरा प्रथम, काव्यांश पंत द्वितीय, भूमि गुरुंग तृतीय, कक्षा 1 मे जतिन कापड़ी, श्रेयस जोशी प्रथम, हार्दिक जोशी, भूमिका जोशी द्वितीय, जैन्या, आयुष निवांश तृतीय, कक्षा 2 में आरोही राना प्रथम,आयुषी बोहरा द्वितीय, संग्राम कार्की तृतीय, कक्षा 3 में अंशिका बोहरा, विशाल कफलिया प्रथम, गतिका बिष्ट द्वितीय, गायत्री खत्री तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट, अति उत्तम एवं उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति पाल ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति करने और उच्चतम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश ने बताया कि विद्यालय सदैव नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रयासरत है और इसमें अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की सराहना की।

# भाजपा के कई पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बरखेड़ी में सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में महुआखेड़ा एवं आसपास क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सक्रिय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया। कार्यक्रम का आयोजन सम्मानित साथी हरजिंदर के आवास पर किया गया। इस दौरान परमजीत कौर (वर्तमान मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा महुआखेड़ा), आशा चौहान (पूर्व मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा महुआखेड़ा), प्रीतपाल बख्शी (शक्ति केंद्र प्रभारी, भाजपा) तथा गुरजीत सिंह (बूथ



अध्यक्ष, भाजपा बरखेड़ी) ने औपचारिक रूप से भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई गई। इस मौके पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया और सभी ने मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# ठुकराल की गोल टोपी पहने फोटो वायरल होने से बढ़ा आक्रोश

- पूर्व विधायक ठुकराल ने कार्रवाई को लेकर पुलिस को सौंपा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार को रुद्रपुर कोतवाली में पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने सोशल मीडिया पर एआई से तैयार की गई तस्वीरों को गलत तरीके से वायरल करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मामले में पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर गोल टोपी पहने फोटो पोस्ट होने पर पूर्व विधायक ठुकराल भड़क गए। उन्होंने कोतवाली में पांच लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। तहरीर में कहा कि वह पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। सोमवार को कुछ लोगों ने उनकी गोल टोपी वाली फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी।

उन्होंने कहा कि इससे समाज में उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है और शहर का माहौल भी खराब करने की कोशिश हो रही है।

उनका आरोप है कि एआई के माध्यम से उनकी फोटो तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे लोग भविष्य में एआई के माध्यम से अन्य आपत्तिजनक फोटो बनाकर उन्हें बदनाम कर सकते हैं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

# बनबसा में आप का शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा/चम्पावत।** आदमी पार्टी के नव-नियुक्त प्रदेश सह प्रभारी सच्ची दानन्द गौड़ के बनबसा आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश समन्वय समिति सदस्य दीपक जोशी के नेतृत्व में किया गया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। प्रदेशसह प्रभारी सच्चीदानन्द गौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत किया जाए और आम जनता के बीच अपनी पकड़ को और सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में एक सशक्त विकल्प के रूप में उभर रही है और आने वाले चुनाव में पार्टी मजबूती से मैदान में उतरेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत प्रत्याशी उतारेगी और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए अपनी पकड़ बनाएगी।

**प्रदेश सह-प्रभारी का भव्य स्वागत, 2027 चुनाव की रणनीति**

# शुभम् उत्तम भाजपा अनुसूचित मोर्चा नैनीताल के ग्रामीण मंडल के प्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट और भाजपा अनुसूचित मोर्चे के प्रभारी दया किशन पोखरिया की संतुति पर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविन्द्र बाली आर्य ने रामनगर निवासी शुभम् उत्तम को भाजपा अनुसूचित मोर्चा नैनीताल ग्रामीण मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है।

बता दे भाजपा नेता शुभम् उत्तम वाल्मीकि समाज के हितों के लिए निरंतर प्रयास करते है।उत्तराखंड में कार्यरत पर्यावरण मित्रो ( सफाई कर्मचारियों ) के लिए शासन से मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है और अनुसूचित समाज को समर्पित है । भाजपा ने नैनीताल जिले में शुभम् को दायित्व देकर अनुसूचित समाज को एक साथ पिरोने का काम किया है।उनके मनोनयन पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट,भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत, भाजपा नेता विपिन कांडपाल,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, संजय बिष्ट,पूर्व सांसद प्रतिनिधि नवीन कारगेती,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हेम जोशी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी, भाजपा नेता अजीज खान, एडवोकेट दानिश सिद्दीकी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# टनकपुर स्टेडियम ने सिटी कान्वेंट स्कूल खटीमा को हराकर खिताब किया अपने नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** खेलो इंडिया अस्मिता सिटी वालीबॉल लीग में टनकपुर स्पोर्ट्स क्लब ने सिटी कान्वेंट स्कूल खटीमा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। कोतवाल चेतन रावत ने दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया था। जिसमें जिले की 14 टीमों ने अपना दम-खम दिखाया। आज रोमांचक मुकाबले में टनकपुर स्टेडियम ने खटीमा कॉन्वेंट को 25-22 एवं 25-12 सेटो से पराजित कर खिताब अपने नाम पर किया।

**खेलों के क्षेत्र में कैरियर बनाने की छुपी हुई है अपार संभावनाएं: मेला मजिस्ट्रेट**

प्रतियोगिता का समापन मेला मजिस्ट्रेट डॉ ललित मोहन तिवारी ने किया। उन्होंने कहा खेलों के क्षेत्र में टनकपुर स्टेडियम द्वारा प्रतिभाओं की प्रतिभा को तरासने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई जा रही है। जिससे यहां के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय मानचित्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा आज खेलो के माध्यम से भी कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए साधना करने की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. डीके सिंह, बॉक्सिंग कोच ललित कुंवर,फिजिकल ट्रेनर कल्पना आर्य, वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश पांडे, जगदेव सिंह, अमन जोशी साक्षी सिंह, विवेक सिंह, शुभम रावत एवं टीम मैनेजर ने उपस्थिति देकर खिलाड़ियों का खूब मनोबल बढ़ाया।

# रामनगर पहुंचे भारत सरकार के लघु उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारत सरकार के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी कॉर्बेट पार्क के भ्रमण पर पहुंचे और उन्होंने वन्यजीवो के दीदार किये ।उनके रामनगर प्रवास की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने उनका स्वागत करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा।



उन्होंने सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि दिए गए मांग पत्र में उत्तराखण्ड प्रदेश में उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए केन्द्र सरकार एमएसएमवी उद्योगों के विकास के लिए विशेष पैकेज, रामनगर में कलस्टर विकास योजना के तहत फल पट्टी क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग क्लस्टरश, तराई भाबर में लकडी की उपलब्धता के कारण वुड प्रोसेसिंग क्लस्टर , पर्यटन आधारित क्लस्टर हैण्डीक्राफ्ट निर्माण,स्थानीय युवा बेरोजगारों के लिए सीजीटीएमसीई का विस्तार करते हुए कोलेट्रल फ्री लॉन उपलब्ध कराने के लिए विशेष छूट प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा रामनगर में उपलब्ध औद्योगिक भूमि पर इंडस्ट्रियल एरिया,मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट विकसित करते हुए छोटे उद्योगों के लिए भूखण्ड, अवस्थापना सुविधा, स्टार्ट अप यूनिट के लिए शेड आदि उपलब्ध कराने की मांग की।रामनगर में पर्यावरण अनुकूल लघु उद्योग लगाने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम से युवा बेरोजगारों को अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही रामनगर स्थित ईएसटीसी कानिया में सेमी कण्डकटर आधारित आधुनिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने आदि के विषय पर अपनी बात रखकर इन पर कार्य करने की मांग की गई है।

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने रामनगर क्षेत्र के औद्योगिक विकास की मांग उठाई**

# व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार करें

## अपर पुलिस महानिदेशक डा. वी. मुरुगेशन ने किया कैंची धाम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आगामी पर्यटन सीजन के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए सूबे के अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डा. वी. मुरुगेशन ने सोमवार को नैनीताल जिले के सुप्रसिद्ध कैंची धाम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्र की यातायात व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले सभी तैयारियां हर हाल में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने जोर दिया कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे स्थानीय निवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो। कहा कि सुव्यवस्थित यातायात योजना को देखते हुए उन्होंने यातायात के दबाव



को कम करने के लिए एक व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसमें नो पार्किंग जोन का निर्धारण प्रभावी ढंग से करने को कहा गया ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। इस दौरान उन्होंने चिन्हित पार्किंग स्थलों पर सभी अनिवार्य जनसु. विधाएं (पेयजल, शौचालय व साइनबोर्ड आदि) सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कहा कि कैंची दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु निर्धारित पार्किंग स्थलों से मंदिर तक यात्रियों को लाने ले जाने वाली शटल सेवा को और अधिक बेहतर और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए ताकि मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम रहे साथ ही निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों, बाईपास मार्ग का कार्य समय पर पूर्ण कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम वाले सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी करने तथा बेहतर सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डा. जगदीश चंद्र (पुलिस अधीक्षक नैनीताल), रविकांत सेमवाल (सीओ भवाली), प्रकाश सिंह मेहरा (प्रभारी निरीक्षक भवाली) तथा महेश चंद्रा (निरीक्षक यातायात भवाली) समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने परखी सफाई व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने सोमवार को खुद नैनीताल में पर्यावरण मित्रों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा



लिया। इस दौरान उन्होंने नगर के लोगों विशेषकर व्यापारियों से कहा कि वह नगर व साफ व स्वच्छ बनाने के लिए नालियों में कदापि कूड़ा न डालें। बता दें सोमवार को पालिका के सफाई निरीक्षक अमित कुमार व सफाई हवलदार अमन टांक समेत कई पर्यावरण मित्रों को साथ लेकर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल नैनीताल के तल्लीताल स्थित पिछाड़ी बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने पर्यावरण मित्रों से कहा कि नियमित रुप से सभी नालों की सफाई की जाए जिससे उनमें पानी का प्रवाह अनवरत जारी रहे। उन्होंने कहा कि नालों में गंदगी व अन्य कूड़ा डालने वाले लोगों पर वह पैनी निगाह रखें तथा उसकी सूचना पालिका के सफाई निरीक्षक को दें ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके। दूसरी ओर देवभूमि सफाई कर्मचारी महासंघ के महासचिव सोनू सहदेव ने भी पालि. काध्यक्ष डा. खेतवाल के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पालिकाध्यक्ष की ओर से चलाए गए इस अभियान से पर्यावरण मित्रों का भी मनोबल बढ़ता है।

## एक नजर

### शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन जारी

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत मंगोली क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी लगातार दूसरे दिन महिलाओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण है लेकिन शराब की दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण बिगड़ सकता है। उन्होंने दोहराया कि प्रस्तावित स्थल के करीब स्कूल स्थित है। ऐसे में यहां शराब की दुकान खोलना न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी उन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध दर्ज कराया थाए लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो वे आज नैनीताल जिला मुख्यालय पहुंचकर उग्र धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रेमा मेहरा, खुशाल बिष्ट, गोविंद सिंह, सूरज अधिकारी, हंसी नेगी, हेम बहुखंडी, भास्कर बहुखंडी, जीवन सिंह नेगी समेत बड़ी संखया में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### मोबाइल पर बात करते स्कूटी चलाना पड़ा भारी

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में रविवार देर शाम यातायात नियमों की अनदेखी एक पर्यटक को भारी पड़ गई। बिना हेलमेट और मोबाइल फोन पर बात करते हुए स्कूटी चलाने से सड़क पर जाम लग गयाख जिसके बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी रोड स्थित बस स्टैंड के समीप जाम लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एक पर्यटक स्कूटी पर धीरे धीरे चलते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था जिससे पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया। मौके पर पहुंचे एएसआई सुनील कुमार ने युवक को फोन हटाकर स्कूटी किनारे करने के निर्देश दिएए लेकिन युवक ने स्कूटी बीच सड़क पर ही रोक दी और खुद को लॉ स्टूडेंट बताते हुए बहस करने लगा। इस पर पुलिसकर्मी ने उसे कड़ी फटकार लगाई। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दिल्ली सदर बाजार निवासी अबाइदुर रहमान के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही उसका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए भेज दिया गया है।

### नैनीताल में निजी वाहनों से हो रहा टैक्सी का कार्य

**नैनीताल।** नैनीताल में पर्यटन सीजन से पहले शहर में निजी वाहनों से टैक्सी संचालन की बढ़ती शिकायतों के बीच पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में तल्लीताल क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दो वाहनों को सीज कर चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार सोमवार को दोपहर में पुलिस की ओर से चेकिंग की गई । इस दौरान स्कूटी संख्या यूके 04 एक्यू-3116 चलाते समय युवक नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। पूछताछ में पता लगा कि स्थानीय व्यक्ति ने पर्यटकों को निजी स्कूटी किराए पर दी गई है। कुछ देर के बाद चैकिंग में बिना नंबर प्लेट की एक और स्कूटी को रोका गया । पूछताछ में वह निजी स्कूटी टैकसी के रूप में पर्यटकों को किराए पर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों स्कूटी अपने कबजे में ले ली। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि बस्ती (यूपी) निवासी अर्पित पाण्डे व रितेश चौधरी के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों स्कूटी सीज कर दी हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ पालिका का अभियान

**नैनीताल।** पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के निर्देश पर पालिका की टीम ने सोमवार को तल्लीताल बाजार और माल रोड क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया। नालियों के ऊपर अतिक्रमण और गंदगी करने वाले 5 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर 2500 रुपए कर वसूला गया। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक अमित चौधरी, टीआई भरत प्रकाश तथा सुपरवाइजर अमन टांक तथा मोहित आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण जोड़ा गुरुरानी ने उपनयन संस्कार से

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष डीडीहाट विधानसभा से प्रत्याशी राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 623वें दिन भी जारी रहा। बता दें पौधारोपण अभियान के 623वें दिन डीडीहाट के ओगला में होटल व्यवसाई राजेश अवस्थी ने अपने पुत्र युवराज अवस्थी के उपनयन संस्कार के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। राजेश अवस्थी ने कहा कि उपनयन संस्कार के अवसर पर पौधारोपण करना उनका परम सौभाग्य है।

### वन्यजीवों को पानी की आपूर्ति कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** बरहनी रेंज के वेस्ट गढपू बीट में स्थित प्लॉट संख्या 30 के पूर्व निर्मित वाटर पॉन्ड में समाजसेवक अशोक पंत द्वारा प्रतिदिन वन्यजीवों को पानी पहुंचाने की सराहनीय पहल की जा रही है। यह प्रयास रेंज अधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जहां टैंकर के माध्यम से जंगलों तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्रीष्मकाल में पानी की कमी को देखते हुए यह पहल वन्यजीवों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है, जिससे उन्हें पर्याप्त जल मिल रहा है।

# वार्षिकोत्सव में पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** गोस्वामी सरस्वती विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, राज्य मंत्री शान्ति मेहरा, जिला पंचायत अध्यक्षा दीपा दरम्वाल, ब्लॉक प्रमुख



मनीषा जंतवाल, विद्यालय प्रबंधक ललित मोहन काण्डुपाल और प्रधानाचार्य भैरव दत्त सत्यवली ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा भी की गई, जिसमें कक्षा 6 में कार्तिक चावला ने प्रथम स्थान, कक्षा 4 में सुनैना रखोलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कार्तिक चावल और भीम सिंह चौहान ने पुरस्कार प्राप्त किए। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में बैग और प्रमाणपत्र दिए गए। प्रधानाचार्य भैरव दत्त सत्यवली ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# क्यों लगातार बंद हो रहे होटल व ढाबे

## गैस किल्लत को लेकर अफरातफरी पर कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** जहां सरकार एक तरफ कह है कि गैस की कोई दिक्कत नहीं है तो वही पहाड़ से लेकर मैदान तक जनता लाइनों में क्यों खड़ी है आखिर इतनी अफरातफरी क्यों? क्यों लगातार होटल ढाबे भी बंद हो रही हैं, क्यों सरकार कमाने खाने वाले चाय आदि की ठेली वालों को इतने समय से कमरशियल सिलेंडर मुहैया नहीं करा पा रही हैं?, क्यों अचानक बुकिंग से नाम पर भी जनता को उलझाया जा रहा हैं ये तमाम सवाल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने सरकार से पूछे हैं। मनोज शर्मा ने कहा कि सरकार के बयानों के अनुरूप गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं अगर



गैस के लिए इतने अफरा तफरी के बाद भी व्यवस्था नहीं बन पा रही हैं तो कही ना कही दिक्कत जरूर हैं, या तो कालाबाजारी हावी हो चुकी हैं या जनता को छला जा रहा हैं । मनोज शर्मा ने कहाँ हमारा भीमताल विधानसभा क्षेत्र पर्यटन आधारित क्षेत्र भी हैं और सीजन के समय गैस की किल्लत से निश्चित रूप से छोटे कारोबारीयों के अस्तित्व मे तो संकट आ ही गया हैं, बल्कि होटल रिजॉर्ट व होम स्टे आदि मे भी गैस की दिक्कत से कारोबार मे संकट आ रहा। मनोज शर्मा ने सरकार से मांग की कि इन छोटे कारोबारियों और अन्य को मदद के लिये सरकार को स्थिति सामान्य होने तक घरेलू गैस के इस्तेमाल की परमिशन दी जानी चाहिए क्योंकि यह संकट पता नहीं कब तक खींचे ऐसे मे सरकार अपनी जनता को ऐसे कैसे छोड़ सकती हैं । आम जनता को त्यौहार व शादी के सीजन मे अपने काम पूरा करने की चिंता सता रही हैं। मनोज शर्मा कहाँ कि सरकार और अधिकारी एसी कमरों मे बैठकर केवल जुमलेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों मे अभी स्थिति सामान्य होने के हालत नहीं दिख रहे ए सरकार जब तक गंभीरता से पूरा होम वर्क नहीं करेगी ए यह संकट गहराता जायेगा। मनोज शर्मा ने कहा कि किलोमीटरो दूर से लोग एजेंसीयों मे भटक रहे परन्तु उनको वास्तविकता बताने के बजाय केवल भटकाया जा रहा हैं। मनोज शर्मा ने कहा कि क्या अनुकूल परिस्थितियों मे केवल जनता से टैक्स कलेक्शन ही सरकार का काम हैं। सरकार का मतलब हैं कि प्रजा की सेवा और विपरीत परिस्थितियों मे भी जनता के साथ खड़े रहे जनता को केवल टैक्स कलेक्शन सेंटर ना समझा जाए।

# कैबिनेट मंत्री ने किया डामरीकरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** नैनीताल जिले के भीमताल विधानसभा क्षेत्र के चाफी से मटियाल -पदमपुरी-धारी तक मोटर मार्ग खराब था जिस मार्ग से पुरे कुमाऊं के लोग अवागमन करते हैं जिस कारण ग्रामीणों, किसानों, पर्यटकों को अवागमन में काफी परेशानियों का समना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुऐ लोनिवि विभाग के अधिकारियों से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था, मंत्री कैड़ा ने मुखयमंत्री से मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए शासन से 9 करोड़ 35 लाख स्वीकृति कराने के बाद मंत्री कैड़ा ने




मोटर मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री ने गुणवत्ता के साथ जल्द मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य पूर्ण करने ने अधिकारियो को निर्देश दिये। इसके साथ ही केबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम बार छतोला, भटेलिया, पदमपुरी, अकसोडा व कसियालेख आदि गाँव में मंत्री राम सिंह कैड़ा का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। मंत्री कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा तथा पेयजल व बिजली जैसी मूल भुत समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में लगातार कार्य करने का प्रयास कर रहा हु। मंत्री कैड़ा ने क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। क्षेत्र पंचायत श्रवण कुमार ऊं कंचन ने कहा कि क्षेत्र बाहरी लोगों ने अपने भवनों में बोरिंग कि हुई है लेकिन वो ग्रामवासियो को पेयजल नहीं देते हैं ये नियमों कि धज्जिया उड़ा रहे हैं जिस पर केबिनेट मंत्री केडा ने कहा कि जांच की जाएगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख भावना आर्या, जिला पंचायत सदस्य रेखा देवी, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, भवान बिष्ट, श्रवण कुमार उर्फ कंचन प्रकाश चंद्र नानू, हरीश गंगोला, दीवान राम, सरोज आर्या, दीपा बिष्ट,सोनू थुवाल, कमल सिंह, ललित शर्मा, दीवान बिष्ट समेत प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा भाजपा पदाधिकारी सहित सैकड़ो स्थानीय जनता मौजूद रही।

# महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दे सरकार: खष्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र व राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। जिलाध्यक्षा



खष्टी बिष्ट ने कहा कि देश में महिला सुरक्षा की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और सरकार इस मामले में पूरी तरह किल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। बिष्ट ने सवाल किया कि दुष्यंत कुमार, प्रज्ज्वल रवैनना, कुलदीप सिंह, बृजभूषण शरण तथा संदीप सिंह जैसे भाजपा नेताओं से पूछताछ कब होगी?,बोली सूची लंबी है और कार्यवाही शून्य। बिष्ट ने देवभूमि उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित कई चर्चित मामलों का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच और त्वरित न्याय की मांग की साथ ही प्रधानमंत्री और संबंधित सरकारों से सवाल पूछा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा कब तक सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी मामलों में सख्त कार्रवाई और शीघ्र न्याय सुनिश्चित किया जाए। बता दें यह प्रेस वार्ता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर आयोजित की गई थी।

# हिमालयी संदर्भ में जल, संस्कृति, पारिस्थितिकी और सतत विकास के महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों पर विचार विमर्श

## नैनीताल में पारंपरिक जल प्रबंधन व स्वदेशी ज्ञान विषय पर अंतर्विषयी संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास विभाग व यूजीसी एमएमटीसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मुख्यमंत्री पारंपरिक जल प्रबंधन, स्वदेशी ज्ञान और सतत भविष्य विषय पर एक दिवसीय अंतर्विषयी संगोष्ठी का सफ ल आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि भारत और नेपाल के हिमालयी क्षेत्र को केंद्र में रखकर आयोजित इस संगोष्ठी में देश विदेश के प्रख्यात विद्वानों समेत शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा हिमालयी संदर्भ में जल, संस्कृति, पारिस्थितिकी और सतत विकास के महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों पर गहन विचार विमर्श किया।

उद्घाटन सत्र में प्रो. रीतेश साह ने नौले, धारे और खाल चाल जैसी पारंपरिक जल प्रणालियों के ऐतिहा. सिक एवं संरचनात्मक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये प्रणालियां भारत और नेपाल के मानसखंड क्षेत्र में सदियों से जन जीवन का आधार रही हैं और इन्हें केवल जल संरचनाएं मानना उचित नहीं होगा कयोंकि ये सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की अमूल्य धरोहर भी हैं जबकि प्रो. संजय घिल्डियाल ने जल को मानव सभयता, संस्कृति और पहचान का मूल तत्व निरूपित करते हुए उसके दार्शनिक और ऐतिहासिक आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राजेन्द्र सिंह रावल ने भारत और नेपाल के साझा हिमालयी सांस्कृतिक परिदृश्य में अंतरसीमावर्ती जल सहयोग की



अनिवार्यता को रेखांकित किया। उन्होंने नहरों, स्रोतों, नौलों व धारों और गूल जैसी स्वदेशी जल प्रबंधन प्रणालियों के विकास क्रम व उनके सांस्कृतिक, पारिस्थितिक और स्थापत्य महत्व पर विस्तार से विचार रखे।

श्री रावल ने आगाह किया कि जलवायु परिवर्तन शहरीकरण और बदलते बसावट पैटर्न के कारण इन प्रणालियों की स्थिरता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है इसलिए इनका व्यापक दस्तावेजीकरण अविलंब आवश्यक है साथ ही उन्होंने साझा नदी घाटियों में सुदृढ़ नीतिगत ढाँचे द्विपक्षीय सहयोग और बेहतर आधारभूत संरचना विकसित करने पर बल दिया। संगोष्ठी के मुखय अतिथि अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र काठमांडू (नेपाल) के डा. संजीव कुमार भुचर ने हिन्दू कुश हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक स्रोतों (स्प्रिंग्स) के बहुआयामी महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि पर्वतीय समाज इन स्रोतों से केवल उपयोगितावादी स्तर पर नहीं बल्कि सांस्कृतिक और पारिस्थितिक दृष्टि से भी अत्यंत गहराई से जुड़े हुए हैं। डा. भुचर ने पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक समझ के समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए नेपाल की हिटी प्रणाली तथा पोखरी देवीथान और जिंग जैसी जलागम परंपराओं के सजीव उदाहरण प्रस्तुत किए और बताया कि ये प्रणालियाँ आज भी नाजुक पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र और स्थानीय आजीविका को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इतिहासकार डा. वसुधा पाण्डे ने उत्तराखण्ड के मानव निर्मित परिदृश्य और प्राकृतिक जल स्रोतों पर उसकी गहरी निर्भरता के ऐतिहासिक साक्ष्यों को उद्वत करते हुए जल और मानव जीवन के अविच्छिन्न संबंध को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। समापन सत्र में प्रो. खरात ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में सतत भविष्य सुनिश्चित करने हेतु स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों और सामुदायिक प्रथाओं को गंभीरता से समझना और उन्हें मुख्यधारा की नीतियों में शामिल करना अपरिहार्य है। प्रो. पीसी तिवारी ने अपने दीर्घ शोध अनुभवों को साझा करते हुए जल प्रबंधन से जुड़े अंतरसीमावर्ती मुद्दों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संगोष्ठी इस सर्वसममत निष्कर्ष के साथ संपन्न हुई कि पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणालियाँ केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि वर्तमान और भविष्य की पारिस्थितिक चुनौतियों का व्यावहा. रिक समाधान प्रस्तुत करने वाले जीवंत ढांचे हैं। इस अवसर पर सपना महर तथा डा. किरण तिवारी को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण का प्रमाणपत्र दिया गया। आयोजक सचिव प्रो. रीतेश साह ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों तथा संकाय सदस्यों के सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस संगोष्ठी में कुलसर्ा. चव डा. एमएस मंद्रवाल, प्रो. सावित्री कैड़ा जन्तवाल, प्रो. संजय टम्टा, प्रो. अनिता पांडे, डा. किरण तिवारी, डा. सुनील पंत, डा. मनोज बाफिला, डा. संदीप बड़ौनी, डा. दीपक मेलकानी, डा. वीरेन्द्र तथा डा. शिवराज सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन अनन्या जोशी ने किया।


### हिमालय क्षेत्र सदियों से प्राकृतिक जल प्रणालियों का रहा केंद्र: रावल

**नैनीताल।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजेन्द्र सिंह रावल ने



कहा हिमालय क्षेत्र सदियों से प्राकृतिक जल प्रणालियों का केंद्र रहा है और आज यही प्रणालियाँ जलवायु परिवर्तन और विकास की तेज रफ्तार के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। तस्वीरों और शोध अध्ययनों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि भारत और नेपाल के कई पर्वतीय जिलों में नौलों, धाराओं और पोखरों की संरचना और संरक्षण परंपरा लगभग एक जैसी है।

### पारंपरिक जल प्रणालियां असली जीवनरेखा: डा.भुचर



**नैनीताल।** अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र काठमांडू (नेपाल) के डा. संजीव कुमार भुचर ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में धारों और नौले तेजी से सूखते जा रहे हैं और यह चिंता का बड़ा कारण है, हमें तुरंत ऐसे कदम उठाने होंगे जो इन जल स्रोतों को बचाने की दिशा में प्रभावी साबित हों। पारंपरिक जल प्रणालियां हमारी वाटर कम्युनिटी की असली जीवनरेखा हैं।

### नौलों का स्वरूप लगभग एक जैसा: प्रो. साह

**नैनीताल।** संगोष्ठी के आयोजक प्रो. रितेश साह ने कहा कि हमारे क्षेत्र देवभूमि



उत्तराखंड में आज भी मानसखंड की झलक दिखाई देती है जिसमें कुमाऊं और नेपाल के पर्वतीय जिले शामिल हैं,बोले हमारी संस्कृति, जल परंपरा और नौलों का स्वरूप लगभग एक जैसा है। प्रो.साह ने कहा कि नेपाल और उत्तराखंड दोनों में जल संकट से निपटने के प्रयास जारी हैं कयोंकि करीब 90 फीसदी पहाड़ी आबादी इन्हीं पारंपरिक स्रोतों पर निर्भर है। अध्ययन बताते हैं कि लगभग 50 प्रतिशत जल प्रणालियाँ या तो सूख चुकी हैं या सूखने की कगार पर हैं।

# मलवा न हटने से ग्रामीण गुस्से में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पीसी गोरखा ने कहा कि नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के तहत देवीपुरा-सौड मोटर मार्ग पर आये मलवे को हटाने को पीएमजीएसवाई के अधिकारी तैयार नहीं हैं जिससे क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोरखा के मुताबिक इस संबंध में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को 200 मीटर लगभग बंद पड़े



मार्ग को खोलने का आग्रह किया गया जिसपर अधिशासी अभियंता ने बताया कि उनके पास मशीन लगाने के लिए पैसा नहीं है। दैवीय आपदा के अंतर्गत जिलाधिकारी नैनीताल को आगणन बीते 3 फरवरी 2026 को नैनीताल भेजा गया था किन्तु अभी स्वीकृति नहीं मिली है। दूसरी ओर ग्राम प्रधान बाँधनी हरीश बधानी ने बताया कि कई बार अधिकारियों को शिकायत दर्ज की गई परंतु कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गयी है। अब मंगलवार (आज) उनके गांव बारात आनी है मार्ग बंद होने के कारण अब चालीस किमी दूरी से घूमकर बारात गांव पहुंचेगी। उन्होंने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया परंतु कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। कहा कि जंगलों के बीच उनका गांव बसा है। जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। इस संबंध में ग्राम प्रधान बांधनी हरीश बधानी, रियाड के प्रधान महेश कांडपाल, जिलाप. ंचायत सदस्य हेमचंद्र नैनवाल आदि ने जिलाधिकारी नैनीताल को लिखित शिकायत प्रेषित किया है।

# बनभूलपुरा के लिए मददगार बनी एपीसीआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बहुचर्चित बनभूलपुरा रेलवे प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट के दिये अंत. रम आदेश के अनुपालन में प्रशासन और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बनभूलपुरा में जमे हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के फॉर्म भर रहे हैं। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 फरवरी 2026 के अंतरिम आदेश में कहा था कि पात्रता जांचने के लिए प्रभावित क्षेत्र के सभी लोगो को इस अभियान में सम्मलित होना है। सरकार 31 मार्च तक कोर्ट को अवगत कराएं। इस आदेश के अनुपालन में प्रधानमंत्री आवास योजना के फॉर्म भरे जाने थे। यह अभियान 19 मार्च से शुरू हुआ और 31 मार्च तक पूरा होना है। इस अभियान को आसान बनाने में लीगल एडवोकेसी संस्था एपीसीआर यानी एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ने सबसे बड़ी जिम्मेदारी उठाई और लंबे व जटिल फॉर्म को भरने का जिम्मा उठाया। एपीसीआर ने पूरे बनभूलपुरा में 4 जगहों पर अपने कैम्प स्थापित किये और इलाके के बुद्धिजीवी, छात्रों को साथ जोड़कर लगभग 2 हज़ार के करीब फॉर्म भरे। एपीसीआर की दो टीमों ने मोर्चा संभाला जिसमे पहली टीम अपने कैम्प के हैल्प डेस्क पर बैठी जिसने फॉर्म भरने की प्रक्रिया को अंजाम दिया दूसरी टीम ने कागज़ों से जुड़े सवाल जवाब और घर घर जाकर भ्रांतियों को दूर करने में योगदान दिया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों से समन्वय बैठाकर एसोसिएशन ने काम किया। आगे भी एसोसिएशन के कैम्प जारी रहेंगे। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स 2 दशकों से मज़लूम की आवाज़ बनी हुई हैं और मौजूदा वक्त में 2700 से अधिक मुकदमों में देख रही हैं। डॉक्यूमेंटेशन और लीगल एडवोकेसी की इस संस्था ने उत्तराखंड के कई संवेदनशील मामलो को नैनीताल हाईकोर्ट में उठाया तथा जीत हासिल की।

खेल विशेष

### 31-सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को एक से नौ अप्रैल तक चलने वाले 31 सदस्ईय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा की है। टीम हाल ही में हैदराबाद, तेलंगाना में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस कैंप में हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में टीम ने रजत पदक हासिल किया था और आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला) के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया था। इस शिविर का मुख्य जोर टीम के तालमेल को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की फिटनेस के स्तर को ऊपर उठाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और अधिक पैना करने पर रहेगा। यह सब नई कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में टीम को एक ठोस आकार देने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेने वाला है। इसके बाद अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 होगा, और फिर 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में 2026 एशियाई खेलों का आयोजन किया जाएगा। गोलकीपिंग यूनिट में सविता, माधुरी किडो, बंसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबाम शामिल हैं।

### एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप, भारत की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर 20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 'यंग टाइग्रेस' की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वह अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को थम्मासेट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच अप्रैल, पाथुम थानी स्टेडियम में और चीनी ताइपे के खिलाफ (आठ अप्रैल पाथुम थानी स्टेडियम में मैच होगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर-फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर 20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची थीं, और उन्हें वहां के स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले। यात्रा करने वाले दल में 24 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से अब डिफेंडर अल्का इंदवार को टीम से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि एलेक्जेंडर्सन ने अंतिम टूर्नामेंट के लिए अपनी 23-खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

# राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोका

### जैमी ओवरटन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए जडेजा, बर्गर व आर्चर को 2-2 विकेट



**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल के तीसरे मैच में राजस्थान रायल्स ने चेंन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में आरआर के कप्तान रियान पराग ने बालिंग चुनी थी। चेन्नई से जैमी ओवरटन टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 43 रन बनाए। डेब्यू मैच में कार्तिक शर्मा ने 18 और इम्पैक्ट प्लेयर बनकर उतरे सरफराज खान ने 17 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन तक नहीं पहुंच सका। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेल रहे रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए।

जोफा आर्चर और नांद्रे बर्गर को भी 2-2 विकेट मिले। संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई और डेब्यू कर रहे बृजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। 1 बैटर रन आउट भी हुआ। 20वें ओवर में जैमी ओवरटन 43 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके विकेट के साथ सीएसके 127 रन पर सिमट गई। ओवरटन के अलावा कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान ने 17 रन बनाए। 16वें ओवर में चेन्नई ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल रवि बिश्नोई ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मैट हेनरी ने बिश्नोई को ही कैच दे दिया, वे 5 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने 15 ओवर के बाद 8 विकेट खोकर 93 रन बना लिए। जैमी ओवरटन और मैट हेनरी ने टीम को 90 के पार पहुंचाया। टीम ने 82 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। 13वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया। जोफा आर्चर ने ओवर की पांचवीं बाल फुलर लेंथ फेंकी। नूर अहमद शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 रन ही बना सके। आर्चर ने ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल बृजेश शर्मा ने फुलर लेंथ इन स्विंगर फेंकी। कार्तिक शर्मा फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स पर लग गई। राजस्थान ने स्ठॅ की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। कार्तिक अपने डेब्यू मैच में 18 रन बनाकर आउट हुए। बृजेश ने भी डेब्यू मैच में पहला विकेट लिया। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बाल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शाट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लग गई।

राजस्थान ने अपील की और अंपायर ने पगबाधा आडट दे दिया। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लान्ग आफ पर कैच करा दिया। दुबे 6 रन ही बना सके। चेन्नई ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। सरफराज खान भी पिच पर मौजूद रहे। संदीप शर्मा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में विकेट लिया। चेन्नई ने पावरप्ले में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल संदीप शर्मा ने स्लोअर फेंकी। मैट शार्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन शार्ट मिड-विकेट पोजिशन पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच हो गए। शार्ट 2 रन ही बना सके। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद सीएसके ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया।

# पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर

### IPL 2026: चौथा मैच आज, गुजरात का लक्ष्य सीजन की मजबूत शुरुआत

**मुल्लनपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के चौथे मैच में मुल्लनपुर, न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स जहां अपनी मजबूत बल्लेबाजी पर निर्भर है, वहीं गुजरात टाइटन्स संत. ुलन और संरचना पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां व्यक्तिगत खिलाड़ी मैच का रुख बदल सकते हैं।

पंजाब किंग्स के लिए, अभियान एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू होता है: घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत फिर से कायम करना। उनकी बल्लेबाजी इकाई, जो आक्रामक इरादे और गहराई के लिए बनाई गई है, इस महत्वाकांक्षा का केंद्र है। सबसे आगे कप्तान श्रेयस अय्यर हैं, जिनकी भूमिका केवल रन बनाने से कहीं अधिक है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी को संभालें, दबाव झेलें, और मिली हुई शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलें, जो टीम के दबदबे के लिए एक मजबूत आधार तैयार करे। शीर्ष क्रम की जोड़ी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पारी की शुरुआत में ही आक्रामकता लाती है, जिसका लक्ष्य पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना और विरोधी गेंदबा. जों को परेशान करना होता है। मध्य क्रम में, नेहल वढेरा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता प्रदान करते हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस एक गतिशील ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल होते हैं, जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मुख्य टीम सुनिश्चित करती है कि पंजाब की पारी में आक्रामक इरादे और लचीलापन, दोनों ही बने रहें। पंजाब की 'घरेलू मैदान पर वापसी' की कहानी को जो बात और भी मजबूत बनाती है, वह है उनके निचले मध्य क्रम की गहराई।

शशांक सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजई में पारी को शानदार ढंग से समाप्त करने की क्षमता है, जिससे टीम बिना अपनी संरचना खोए, मैच के अंतिम क्षणों में तेजी से रन बना पाती है। ऐसी पिच पर, जिससे बल्लेबाजो को मदद मिलने की उम्मीद है, बल्लेबाजी की यह गहराई एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने या उसका पीछा करने में निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि, पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखना है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में जिम्मेदारी के साथ गेंदबा. जी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिन्हें लॉकी फर्ग्यूसन की तेज गें. दबाजी का भरपूर समर्थन मिलेगा। युजवेंद्र चहल की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी विभाग मध्य ओवरों को नियंत्रित करने और विकेट लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन दोनों टीमों का सामूहिक प्रदर्शन ही तय करेगा कि पंजाब अपनी बल्लेबाजी की ताकत को मैच में पूर्ण प्रभुत्व में बदल पाता है या नहीं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में अधिक संयमित और व्यवस्थित रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है।

फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी।

यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी।

फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया। किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए और उनके बैट्समैन-खुशदिल शाह और आजम खान-को दूसरी गेंद चुनने की इजाजत दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, कलंदर्स के इस खिलाड़ी पर लेवल-111 का अपराध करने का आरोप लगाया गया है।

# ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर रहाणे ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछिए

**मुम्बई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिक्य रहाणे ने कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से पूछिए कि वह क्यों गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

ग्रीन ने टी-20 विश्व कप के बाद से ही गेंदबाजी नहीं की है। सोमवार को सीए ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ग्रीन पीठ के निचले हिस्से की हल्की चोट से उबर रहे हैं और गेंदबाजी में वापसी की उनकी टाइमलाइन आईपीएल से पहले ही केकेआर को बता दी गई थी। सीए के प्रवक्ता ने कहा कि कैमरन के पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका ईलाज चल रहा है। उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। वह इस समय भारत में धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि करीब 10-12 दिनों में वापसी कर सकें। केकेआर को यह जानकारी दे दी गई है और वे इससे पूरी तरह वाकिफ हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन ने सितम्बर 2024 से अक्तूबर 2025 तक 12 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की थी,

क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस फैक्चर की सर्जरी हुई थी। कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने ग्रीन को 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गेंदबाजी संयोजन के स्थिर न होने पर रहाणे ने कहा कि टीम अभी सही संतुलन तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है जब ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे, तो संयोजन थोड़ा अलग होगा। अभी हमें संतुलन देखना है और यह समझना है कि हमारे लिए कौन अच्छा गेंदबाजी कर सकता है। बल्लेबाजी में हमने अच्छा किया, लेकिन गेंद से सही संतुलन ढूंढना बहुत जरूरी है। उम्मीद है ग्रीन जल्द गेंदबाजी शुरू करेंगे, तब हम देख पाएंगे कि संयोजन सही बैठता है या नहीं। केकेआर की मुश्किलें कई मुख्य तेज गेंदबा. जो की गैरमौजूदगी से और बढ़ गई हैं, जिससे टीम को कम अनुभव वाले खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ा है। रहाणे ने इसे चुनौती भरा दौर बताया,

लेकिन इसे टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका भी कहा। एमआई के खिलाफ छह विकेट की हार में उन्होंने ब्लेसिग मुजरबानी, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा को तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती के साथ सुनील नारायण और अनुक. ूल रॉय ने संभाली। रहाणे ने कहा कि स्पिनर्स पर दबाव कम करने के लिए एक अतिरिक्त तेज गें. दबाज होना जरूरी है, और सही संतुलन तभी बनेगा जब ग्रीन पूरी तरह योगदान दे पाएंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराया

**बासटेयर, वार्ता।** बेथ मूनी (65), फीबी लिचफील्ड (46) और जॉर्जिया वेयरहम (39 रन/तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 90 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 46 ओवरों में 179 रन पर सिमट गई।

हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। किआना जोसेफ (29), स्टेफनी टेलर (18), शिनेल हेनरी (19) और करिश्मा रामहैक (14) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने 28 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन-तीन विकेट लिए। तालिया मैग्रा को दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार रात




खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 269 रन का स्कोर बनाया। जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 11वें ओवर में अश्मिनी मुनिसार ने जॉर्जिया वॉल (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की अगली गेंद पर उन्होंने एलिस पेरी (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 14वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने फीबी लिचफील्ड (46) को आउट किया। तालिया मैग्रा (24), जॉर्जिया वेयरहम (39) रन बनाए। बेथ मूनी ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। निकोला कैरी (30) और अलाना किंग (26) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज के लिए हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए।

# तीरंदाज कोमालिका बारी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

**रायपुर, वार्ता।** वर्ष 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपने राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब से जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा।

कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है।



पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैच अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरुआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरुआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरुआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थाई धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालि. का ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था। वह कहती हैं, ष्जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं।

# जिरी को हराकर यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा/अमेरिका, वार्ता।** यानिक सिनर ने जिरि लेहे. का को 6- 4, 6- 4 से हराकर मियामी ओपन पुरूष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही सिनर पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने 'सनशाइन डबल' पूरा किया। उन्होंने कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स और फ्लोरिडा के हार्ड कोर्ट पर बिना कोई सेट हारे दोनों ट्रॉफियां जीती हैं।

इटली के सिनर ने वर्षा बाधित मियामी फाइनल में चेक गणराज्य के 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जिरी लेहेका पर सिनर की 6-4, 6-4 की शानदार जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह और अल्काराज बाकी खिलाड़ियों से कितने आगे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अब मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं। इसके साथ ही वह नोवाक जोकोविच



और राफेल नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं,

जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए एक शानदार दौर रहा है और मैं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हमने जो मेहनत की है, उससे मैं बेहद खुश हूं। इंडियन वेल्स से पहले हमने अभ्यास के लिए कुछ अच्छे दिन बिताए थे। इस तरह के नतीजे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, और साथ ही जिस स्तर का खेल हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और जिस तरह का खिलाड़ी हम बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखकर भी मुझे खुशी होती है।

## एसएसपी नवनीत सिंह ने अपराध गोष्ठी में दी पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत

# वर्दी की गरिमा बनाए रखें व आमजन से बेहतर व्यवहार करें: भुल्लर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सैनिक सम्मेलन के समापन के पश्चात एस.एस.पी. नवनीत सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में माह अप्रेल की अपराध गोष्टी का आयोजन किया गया।

इस दौरान एसपी क्राइम/ट्रैफिक निशा यादव, एसपी संचार विपिन कुमार, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह एवं एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल सहित जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, कोतवाली/थाना प्रभारी की मौजूदगी में श्री नवनीत सिंह द्वारा माह फरवरी में घटित अपराधों एवं उनके खुलासे की समीक्षा सहित लंबित विवेचनाओं, गंभीर अपराध ,जारी चारधाम यात्रा, पुलिस के निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मातहत को निम्नलिखित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए-सभी फायर स्टेशन ऑफिसर



अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील दशा में रखें और किसी भी घटना को बड़ा होने से रोकने के लिए फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचें, बढ़ती गर्मी के बीच आग लगने की घटनाओं में वृद्धी होगी। ऐसे में रिस्पांस टाइम सही करने के लिए जवान, वाहन एवं उपकरणों को तैयारी दशा में रखा जाए, थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कि आग बुझाने के लिए निकले वाहनों को निर्बाध

> ❖चारधाम यात्रा की तैयारियों को समय से पूरा करने पर कप्तान का फोकस
> ❖वीकेंड पर थाना एवं यातायात प्रभारी आपसी समन्वय बनाकर दुरुस्त करेंगे यातायात व्यवस्था

मार्ग उपलब्ध हो तथा आग बुझाने के दौरान यातायात सुचारू रूप से चलता रहे, हमें अपराध होने का इंतजार नही करना है। थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कि आपराधिक तत्वों को अपराध होने से पहले रोकना हमारी प्राथमिकता रहे, सीओ साहेबान अपने सर्किल के थानों में ओआर लेकर विवेचकों से मुकदमों की प्रगति के बारे में जानकारी करें तथा बिना किसी अनावश्यक विलंब के दर्ज मुकदमों का निस्तारण सुनिश्चित करें, रंजिश के छोटे-छोटे मामले अक्सर बड़ी घटना का रुप ले लेते हैं। थाना प्रभारी बीट ऑफिसर्स से इस संबंध में निरंतर वार्ता करें तथा रंजिश रख रहे पक्षों को मैनेज करें, आपराधिक गतिविधियों या लड़ाई-झगड़े में लिप्त अस्लाह धारक के लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित करें, सभी थाने चारधाम यात्रा की संवेदनशीलता पर गौर करें। सत्यापन अभियान को जारी रखें और शाम के वक्त फोर्स को साथ लेकर स्वयं थाना प्रभारी थाना क्षेत्र में निरंतर चौकिंग कराना भी सुनिश्चित करें।, निर्माणाधीन थाना भवनों की गुणवत्ता का संबंधित थाना प्रभारी विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य मानकों के अनुरुप हो, बलवा से संबंधित प्रकरणों में तत्काल एक्शन लेते हुए वैधानिक कार्यवाही करें जिससे दोषियों को सजा मिल सके, वाहन चोरी के मामलों में तत्काल अभियोग दर्ज किया जाए तथा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए इन मामलों में सक्रिय गैंग्स पर लगाम लगाएं।, गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक टीम मौके पर जाना सुनिश्चित करे ताकी मौके पर मौजूद वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सकें, थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कि आमजन से सभी पुलिस कर्मी उचित व्यवहार करें। वर्दी और पीड़ित की भावनाओं, दोनों का सम्मान जरुरी है, अज्ञात शव मिलने की घटनाओं को सभी प्रभारी गंभीरता से लें। शव की पहचान के लिए डीसीआरबी सहित अन्य साधनों का उपयोग करें। हत्या संबंधी तथ्य प्रकाश में आने पर मुकदमा दर्ज करें।

## गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने वाले लोगों की लगी रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की सोमवार को भी भारी भीड़ लगी रही। कार्यालय के बाहर सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुषों की अलग-अलग लाइन सुबह से ही लगी रही जो शाम तक रही। कुछ उपभोक्ताओं को खाली हाथ भी वापस जाना पड़ा।

कस्बा झबरेड़ा में एक ही गैस एजेंसी है। इसी गैस एजेंसी पर कस्बा सहित आसपास के कुछ गांव भी लगे हुए हैं। आसपास के गांव के अलावा गैस एजेंसी से इकबालपुर भी गैस से भरे सिलेंडर सप्लाई होते हैं। इस गैस एजेंसी पर लगभग 50000 की जनसंख्या से भी ऊपर निर्भर है। गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की एजेंसी कार्यालय के बाद कई दिनों से लगातार काफी भीड़ लग रही है। सोमवार को भी गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रहीं ।गैस एजेंसी कार्यालय नियमित सुबह 9:00 बजे खुलता है लेकिन गैस सिलेंडर लेने वाले लोगों की लाइन कार्यालय के बाहर सुबह 7:00 बजे ही लग जाती है। ग्रामीण क्षेत्र से आए डॉ राजू सिंह बिट्टू चौधरी नीरज कुमार बिरम सिंह सुलेमान मलिक जयवीर बाबूराम रहमान आदि का कहना है कि गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही लाइन में लगे हुए हैं घर व खेत के सभी काम छोड़कर गैस सिलेंडर लेने के लिए लगभग 5 घंटे तक लाइन में लग रहे। उसके बाद गैस सिलेंडर मिल पाया है। गांव से आए कुछ लोगों का यह भी कहना है कि गैस की कमी देखते हुए उन्होंने चुलहे में लकड़ी जलाकर खाना बनवाना शुरू कर दिया है लेकिन इमरजेंसी के लिए गैस सिलेंडर भी घर में होना आवश्यक है ।कुछ लोगों का कहना है कि वह तीन दिन पूर्व भी गैस सिलेंडर लेने के लिए आए थे कई घंटे लाइन में लगने के बाद जब उनका नंबर आया तो गैस समाप्त हो गई थी। आज फिर गैस सिलेंडर लेने के लिए घर से सुबह ही आ गए थे दो दिन बाद गैस सिलेंडर मिल पाया है। गैस एजेंसी नोडल अधिकारी हर्षवर्धन रावत का कहना है कि गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है इसके बावजूद भी लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

## ऑल इंडिया डिपार्टमेंट सर्विस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मोंटफोर्ट ग्राउंड के प्रांगण में ऑल इंडिया डिपार्टमेंट सर्विस क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूजा गुप्ता (चेयरपर्सन, होटल सचिन इंटरनेशनल), ए.पी. सिंह (नील हिमालय हॉस्पिटल), मोनफोर्ट स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रदर अल्बर्ट अब्राहम, उप-प्रधानाचार्य ब्रदर आनंद एवं जॉर्ज एम.ओ. शामिल रहे। सभी अतिथियों की उपस्थिति में विधिवत उद्घाटन किया गया।

इवेंट मैनेजर हरेंद्र आर्य ने बताया कि यह टूर्नामेंट 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें पंचायत राज हरिद्वार, यूपीसीएल रुड़की, यूपीसीएल देहरादून, आईआईटी रुड़की, आईएमए डॉक्टर 11 रुड़की, आरटीसीए मेडिकल रुड़की, आर्मी रुड़की, एजुकेटर 11 रुड़की, स्पोर्ट्स टीचर 11 रुड़की, सीनियर 11 रुड़की, एडवोकेट्स 11 रुड़की एवं ऑटोपार्ट इंडस्ट्री रुड़की प्रमुख हैं। पहला मुकाबला: पंचायत राज की शानदार जीत-उद्घाटन मैच पंचायत राज हरिद्वार और डॉक्टर 11 रुड़की के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर 11 की टीम ने 135 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में पंचायत राज की टीम ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य आसानी से हासिल



कर लिया। अजय चौहान ने नाबाद 49 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई और मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरा मुकाबला: सीनियर 11 ने दमदार प्रदर्शन से सेमीफाइनल में बनाई जगह-दूसरा मैच यूपीसीएल और सीनियर 11 के बीच खेला गया। यूपीसीएल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन का लक्ष्य रखा। हालांकि टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पावर प्ले के 6 ओवर में 23 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। सीनियर 11 के ओपनर गेंदबाज प्रदीप भंडारी ने 4 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। जवाब में सीनियर 11 की टीम ने 10.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ सीनियर 11 की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य मनोज शर्मा, सचिन शर्मा, अजय सकलानी, वेज राम, सौरभ, अंकित कुमार, सुमित, जितेंद्र, विवेक मांगलिक, अवतार सिंह, बेदी और अनीत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## गोकशी की सूचना पर पुलिस की छापेमारी, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मखियाली खुर्द में पुलिस ने रविवार देर रात गौकशी के एक मामले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में गौमांस और पशु वध में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं, हालांकि आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई रविवार देर रात की गई जब टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कब्रिस्तान के निकट स्थित गेहूं के खेतों में कुछ लोग अवैध रूप से गौकशी की घटना को अंजाम दे रहे ह। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। घटनास्थल की तलाशी लेने पर पुलिस को निम्नलिखित सामग्री प्राप्त हुई-मांस: करीब 20 किलो संदिग्ध गौमांसअवशेष: गाय का सिर और खाल के टुकड़ेऔजार: दो कुल्हाड़ी और दो छुरियां जांच की स्थिति: मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने प्रारंभिक निरीक्षण के बाद गौमांस होने की पुष्टि की है। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नितिन चौहान ने बताया कि पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विशेष शिविर में योग व पर्यावरण की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिविर के छठे दिन की शुरुआत योग और आध्यात्मिक शांति के संदेश के साथ हुई। योग प्रशिक्षक नरेश कुमार और रजनी कालरा ने स्वयंसेवियों को योग और ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग से मानसिक तनाव और चिंता कम होती है तथा एकाग्रता बढ़ती है। इसके पश्चात, मनोज सैनी और कुलदीप त्यागी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और स्वच्छ हवा के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि तापमान को कम करने और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक होते हैं। दिन के अंतिम सत्र में स्वयंसेवियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए यह कानून बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य सूचना 30 दिनों के



भीतर और जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचना 48 घंटों के भीतर प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी, कुलदीप त्यागी, अनुपमा, उदित, दीपक सैनी, कुणाल, कपिल मोहन, रमन पाल, सुमुखी, तनु और जाह्नवी सहित कई स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने किए निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा प्रशासनिक दृष्टि से जनपद में तैनात निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक कमल मोहन भंडारी को हाई कोर्ट सेल से कोतवाली कलियर भेजा गया है। उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार को थानाध्यक्ष कोतवाली कलियर से थानाध्यक्ष पथरी नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक मनोज नौटियाल को थानाध्यक्ष पथरी से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। उपनिरीक्षक यशवीर को एसएसआई पथरी से प्रभारी चौकी भिक्कमपुर लक्सर बनाया गया है। उपनिरीक्षक लोकपाल परमार को प्रभारी चौकी भिक्कमपुर से पुलिस लाइन भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बारात में विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम संवाददाता,**

**लक्सर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। लालपुर और डूंगरपुर गांव के दो पक्षोंनेएक-दूसरेपरगाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी ह। ईश्वर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 6 मार्च को उनकी बेटी की शादी थी। आरोप है कि बारात में आए डूंगरपुर गांव निवासी कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। ईश्वर का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उनके और उनके बेटों के साथ मारपीट भी की जिससे परिवार में दहशत का माहौल है।दूसरा पक्ष: गाली-गलौज और मारपीट का आरोपवहीं, दूसरी ओर डूंगरपुर निवासी मुकेश सैनी ने भी पुलिस को तहरीर सौंपकर अपना पक्ष रखा है। मुकेश का आरोप है कि ईश्वर और उनके परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दीपुलिस की कार्रवाईखानपुर थाने के अपर उपनिरीक्षक ौ॰ विजेंद्र चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित शिकायतें प्राप्त हुई हैंदोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की निष्पक्षता से जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की होटलों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की की सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रुड़की रोडवेज के पास स्थित एक होटल में की गई, जहां लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और होटल में दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो महिलाओं सहित दो युवकों को हिरासत में ले लिया। वहीं कार्रवाई के दौरान एक युवक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, संबंधित होटल में काफी समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की जानकारी मिल रही थी। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई। फिलहाल हिरासत में लिए गए सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## केवी-1 में पुस्तक उपहार कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक रूड़की में आज पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नए सत्र में अगली कक्षा में जाने वाले बच्चे अपनी पिछली कक्षा की पुस्तकें विद्यालय में दान करते है तथा अपने लिए नयी कक्षा की दान में आई हुई पुस्तकें प्राप्त करते हैद्यइसमें आज कक्षा एक से नौ तक के बच्चों ने आपस में किताबों का आदान-प्रदान कियाद्यविद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में अति उत्साह से भाग लिया।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 रूड़की में आयोजित पुस्तक उपहार कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य



पर्यावरण संरक्षण हैद्यइसके अलावा किताबों पर व्यय होने वाले पैसों की बचत तथा विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित करना भी इसमें निहित है। इस कार्यक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तके आपस में बदलकर पेड़ों को कटने से बचाया तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना सहयोग दिया। अपने आशीर्वचन में उप प्राचार्या सुश्री संगीता खोराना ने कहा कि छात्रों ने पूरे साल किताबों को पढ़ा, इसके बाद भी उन्होंने किताबों को संभालकर रखा, जिससे इनका इस्तेमाल दूसरे छात्र आसानी से कर सकेंगेद्यइससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ उन छात्रों की भी मदद हो जाती है जो पुस्तके खरीदने में असमर्थ होते हैद्य मुख्य अध्यापिका श्रीमती नेहा चौबे ने भी इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिभावकों को इस कार्यक्रम में अपना बढ़ चढ़कर सहयोग देने के लिए धन्यवाद् करते हुए पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के "कागज बचाओ-पेड़ बचाओ" अभियान के तहत हर वर्ष पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को बचपन से ही पर्यावरण-संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाया जा सके तथा उनमे सहयोग की भावना विकसित की जा सके। इस अवसर परपूनम कुमारी, मामचंद, प्रतिमा, एवंसना मलिक, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## अवैध चाकू के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश व क्षेत्राधिकारी रुड़की महोदय के कुशल नेत्तृव में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर के द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज एक अभियुक्त जिसका नाम आरिफ उर्फ मन्ना पुत्र मेहरबान निवासी धोबी वाली गली काशीपुरी कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष को झोपड़ी तिराहा से ग्राम सुनहरा जाने वाले रोड पर आम के बाग के पास अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## महेश मिश्रा बने टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, संजीव शर्मा महासचिव निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** टैक्स बार एसोसिएशन रुड़की का शनिवार को चुनाव हुआ। जिसमें महेश मिश्रा को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने गए। जबकि संजीव शर्मा को महाचिव चुना गया।

टैक्स बार एसोसिएशन रुड़की का चुनाव शनिवार को शहर के एक होटल में आयोजित हुआ। चुनाव आयुक्त अजय कुमार की देखरेख में चुनाव की सभी प्रक्रिया हुई। चुनाव आयुक्त ने बताया कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें महेश मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया। संजीव शर्मा महासचिव, संजीव कुमार व दिनेश सैनी उपाध्यक्ष, वैभव गुप्ता, अरशद खान व अमन सिंघल सचिव, रितिक जय सिंह कार्यालय सचिव, शुभम गोयल कोषाध्यक्ष, आलोक शर्मा ऑडिटर, कार्यकारिणी सदस्य मंयक शर्मा व सुनील बजाज को चुना गया है। एक्जुक्यूटिव मेंबर अमित त्यागी, पैटर्न सदस्य सतपाल व ज्योति राज को चुना गया है। इस मौके पर करनेश शर्मा, शुभम जिंदल, शोभित वर्मा, आलोक शर्मा, अनुराग राठी, अजय गुलाटी, पंकज वर्मा व कन्हैया लाल आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री ने महेश मिश्रा को किया सम्मानित-कैबिनेट मंत्री



प्रदीप बत्रा ने प्रेस क्लब पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान टैक्स बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश मिश्रा को सम्मानित किया है। इसके साथ ही प्रेस क्लब रुड़की में भी क्लब के सदस्यों ने उन्हें पटका पहनाकर और बुके भेंट कर सम्मान किया।

## मरगूबपुर विद्यालय में एनएसएस शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सफलतापूर्वक किया गया। शिविर के सप्तम दिवस की शुरुआत एनएसएस के प्रार्थना गीत एवं डॉ. कविता रानी द्वारा कराए गए योग अभ्यास से हुई।

इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने शिविर स्थल हुसैनिया जूनियर हाई स्कूल मरगूबपुर-मुस्तफाबाद परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। समापन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉ. रीता सचान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों सानिया, तबस्सुम, आसमीन और सादिया ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया। इसके साथ ही देशभक्ति गीतों और भाषणों की प्रस्तुति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। स्वयंसेवियों ने शिविर के दौरान अपने अनुभव भी साझा किए।एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. रीता सचान ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही सच्ची मानव सेवा है और




स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र वर्ग में मो. सुहेल तथा छात्रा वर्ग में आसमान एवं पारूल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार ने किया, जबकि अंत में सह नोडल अधिकारी डॉ. कविता रानी ने सभी अतिथियों और स्वयंसेवियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईसी के द्वार भाजपा

पांच राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, पश्चिमी बंगाल में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें पुड्डुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है। यहां यह कहना जरूरी है कि सबसे ज्यादा घमासान पश्चिमी बंगाल में देखने में आ रहा है। वहां भाजपा और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी बेहद आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार को हवा दे रहे हैं। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग को सीधे निशाने पर ले रही हैं। वह यहां तक कह रही हैं कि भाजपा के साथ साठगांठ कर चुनाव आयोग किसी भी तरह से टीएमसी को हराने में लगा है। वह धमकी देती भी दिखाई देती हैं जिसमें कहती हैं कि सरकार टीएमसी की ही बन रही है। भाजपा भी टीएमसी पर जमकर बरस रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का सीधे आरोप लगा रही है। अपनी बात को सिद्ध करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी चुनाव आयोग से मिला है, जिसमें बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घरों में जाकर धमका रही हैं और उन्होंने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया। भाजपा नेताओं का यहां तक कहना है कि पिछले चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने दबाव और दादागिरी से सत्ता हासिल की थी। भाजपा के नेता चाहते हैं कि चुनाव आयोग पश्चिमी बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। बताया जाता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा प्रति. निधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष व शांति से चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। जैसाकि हम जानते हैं कि यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब पूरे देश में एसआईआर कराया जा रहा है और बड़े पैमाने पर वोटों की छंटनी दिखाई देती है। पश्चिमी बंगाल भी इससे अछूता नहीं है। वहां भी लगभग 70 लाख मतदाता मतों से वंचित कर दिए गए हैं। ऐसा टीएमसी का आरोप है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि बड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ एसआईआर किया गया है। चुनाव आयोग के दावे कुछ भी हों, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम विपक्षी दल एसआईआर को लेकर आश्वस्त नहीं दिखते और ममता बनर्जी तो एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद आक्रामक रही हैं और वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं और खुद ही वकालत कर डाली। जाहिर है यह तमाम बातें बताने के लिए काफी हैं कि चुनाव आयोग के सामने इस समय साख का बड़ा संकट है और यदि उसको अपनी साख बचानी है, तो वह निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराकर ही बचाई जा सकती है। चुनाव आयोग को इन आरोपों से बचना होगा, जो उस पर भाजपा की निकटता को लेकर लगते रहे हैं।

## नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं



देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं, उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं, तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी- एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अहिंसा का शाश्वत संदेश : क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर



योगेश कुमार गोयल



अहिंसा परमो धर्म: का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है।

ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदाई है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वत: समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दु:ख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवे. दनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुन: जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है।

यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# गाजर के डंठल-छिलकों से खाद्य सामग्री का निर्माण

**पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होती कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ रही है, ज्यादा दिन चलने वाले और पौष्टिक खाद्य की जरूरत भी बढ़ रही है। इस सम्बंध में, 2024 में लुबिस एवं साथियों द्वारा संपादित पुस्तक बायोमास कन्वर्जन एंड सस्टेनेबल बायोरिफाइनरी पठनीय है। यह किताब जैविक पदार्थ बायोमास अपशिष्ट का अन्य रूप में उपयोगी इस्तेमाल और बायोरिफाइनरी इस्तेमाल में हुई हालिया तरक्की पर प्रकाश डालती है, और प्रबंधित पुनर्उपयोग से जैविक अपशिष्ट और उप-उत्पादों को कम करने के तरीकों पर चर्चा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैविक कचरे को खाद्य उत्पादों में तब्दील करने के तरीके खोजना आवश्यक होता जा रहा है।

हमारे भोजन में कई तरह की सब्जियां, अंडे और मांस शामिल होते हैं। इनको पकाने के लिए काटते या साफ करते समय हम इनका अखाद्य हिस्सा छीलकर या छांटकर अलग करते हैं और कचरे की तरह फेंक देते हैं। गाजर के साथ भी हम यही करते हैं, इसका छिलका, ऊपरी नोंक और डंठल तरफ का हिस्सा हम छील-काटकर अलग कर देते हैं। गाजर के कुछ हिस्सों से हम मिठाई भी बनाते हैं और बाकी हिस्सा खाने लायक न होने के कारण फेंक देते हैं, जो बर्बाद ही जाता है। उपरोक्त पुस्तक में गगन जे। कौर और साथियों का आलेख इस मुद्दे पर विस्तार से बात करता हैय शीर्षक है 'असेसमेंट ऑफ कैरट रिजेक्ट्स एंड वेस्ट्स फॉर फूड प्रोडक्ट एंड एज ए बायोफ्यूल'। इसी संदर्भ में, दिसंबर 2025 में जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एंड फूड केमिस्ट्री में जर्मनी की गीसेन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड केमिस्ट्री के मार्टिन गैंड के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक दल का शोध पत्र छपा था। यह अध्ययन गाजर के कचरे से कवक पनपाने की बात करता है। कवकों फफूंद के पोषण प्राप्त करने के तरीके पौधों और जंतुओं से सर्वथा अलग हैं।

पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं। और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं। बताते चलें कि मायसेलिया कवक में जड़ जैसी संरचना होती है जो तंतुनुमा जाल बनाती है। पोषण हासिल करने का अनोखा तरीका उन्हें विभिन्न पर्यावरणों में पनपने के काबिल बनाता है और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं को मजबूत करता है। कवक में लगभग हर जैविक चीज को अपघटित करने की जबरदस्त क्षमता भी होती है, जिसमें वह खाद्य कचरा भी शामिल है जिसे हम पचा नहीं पाते। कवक का एक आम उदाहरण मशरूम है, जिसका इस्तेमाल शोरबा, तरी, पास्ता और पिज्जा बनाने में किया जाता है।

यह पूरी तरह से शाकाहारी खाद्य है और इसमें विटामिन तथा एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मशरूम ऐसे कवक हैं जो उपलब्ध बाहरी पोषक तत्वों का इस्तेमाल करके पनपते हैं, जिनमें खाद्य कचरा भी शामिल है। हमारे आहार में भी मशरूम शामिल हो सकते हैं। दिसंबर 2025 में एक शोध समूह ने विभिन्न देशों के 100 से ज्यादा तरह के मशरूम का परीक्षण किया और पाया कि वे गैर-खाद्य कचरे को उपयोगी बनाने में काफी असरदार हैं। शोधकर्ताओं ने गाजर के कचरे पर अध्ययन केंद्रित किया, और देखा कि कवक उन्हें कैसे पचाते हैं और उससे खाने लायक चीजें बनाते हैं। उदाहरण के लिए, टीम ने गाजर के छिलके वगैरह पर पनपाए गुलाबी ओइस्टर मशरूम के मायसेलिया से वीगन पैटीज बनाई। ए वीगन पैटीज कुछ व्यंजनों में सोया की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं। हममें से कई लोग अपने भोजन में कई तरह से गाजर खाते हैंय जैसे सब्जी बनाकर, सलाद में या गाजर का हलवा वगैरह बनाकर। लेकिन रसोइए और आहारविद सलाह देंगे कि हमें इन व्यंजनों में मशरूम का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ए सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कवक की मदद से खाद्य कचरे को प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य में बदलकर भविष्य में शायद खाद्य सुरक्षा हासिल की जा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**
**डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**

# शाहजहांपुर में क्यों हुआ शहीदों का अपमान ?



रोहित कौशिक

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ तो प्रशासन ने पुन: इन प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया। शहीदों के इस अपमान से कई सवाल खड़े हो गए है। क्या इस देश में देश पर मर-मिटने वाले क्रान्तिकारियों के साथ न्याय हो पाया है ? क्या इस देश ने आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों को वह सम्मान दिया है, जिसके वे हकदार थे? एक तरफ सरकारें क्रांतिकारियों का नाम जपती रहीं तो दूसरी तरफ जनता क्रान्तिकारियों के गीत गाती रही लेकिन न ही सरकारों ने और न ही जनता ने क्रान्तिकारियों के जज्बे के साथ न्याय किया। एक तरफ क्रान्तिकारियों के लिए भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती रहीं तो दूसरी क्रान्तिकारियों को याद करना सिर्फ औपचारिकता रह गई। सरकारें राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति और देशद्रोह का पाठ पढ़ाती रहीं लेकिन स्वयं ही देशभक्त क्रान्तिकारियों का अपमान करती रहीं। राष्ट्रभक्ति का नारा लगाने वाली सरकार में आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रान्तिकारियों का सम्मान तार-तार कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस यानी 23 मार्च की रात्रि में उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रान्तिकारियों का ऐसा अपमान किया कि एक सच्चे देशभक्त का खून खौल जाए। लेकिन जब इस दौर में देशभक्ति भी नकली हो और खून पानी हो तो सत्ता के सामने देशभक्तों की आवाज कैसे निकल सकती है ? इस दौर में जबकि देशभक्ति का अर्थ मुसलमानों को गाली देना ही रह गया हो, सच्ची देशभक्ति की भावना कहां दिखाई देती है ? शहाजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों को फांसी दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर ने शहाजहांपुर में शहा. जहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को मलबे में तब्दील कर दिया। बेशर्मी देखिए कि रात के अंधरे में ध्वस्त किए गए इन अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहा. जहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया? दिन में इन्हें

जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया?

क्यों ध्वस्त नहीं किया गया ? स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन ने छिप कर खेल खेला। बाद इस मुद्दे पर लीपापोती कर कार्रवाई की बात की गई। सवाल यह है कि कार्रवाई किस पर होगी ? क्या उत्तर प्रदेश में सरकार की हरी झंडी के बिना कुछ हो सकता है ? प्रतिमाओं के ध्वस्त होने के बाद जब हंगामा बढ़ा तो कहा जा गया कि नई प्रतिमाए लगाई जाएंगी। सवाल यह है कि नई प्रतिमाएं लगाने की जरूरत ही क्या थी ? प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी का कहना कि इन प्रतिमाओं का कलात्मक पक्ष भी बहुत मजबूत था। तो फिर इन प्रतिमाओं को ध्वस्त करने की क्या जरूरत थी? अगर ये प्रतिमाए ध्वस्त करनी ही थीं तो इन्हें सम्मान के साथ ध्वस्त क्यों नहीं किया गया? क्यों इन प्रतिमाओं के ध्वस्त अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउन्ड में फेंक दिया गया ?

विद्यार्थी जी ने बताया कि ये तीनों प्रतिमाएं स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष यानी 1972 में तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष वासुदेव गुप्ता ने स्थापित कराई थी जो 1942 के आन्दोलन में जेल भी गए थे। उसी समय इन शहीद प्रतिमाओं के दक्षिण की ओर मैदान में शहीद द्वार का निर्माण कराकर स्वतंत्रता सेनानी और साथी साप्ताहिक के संपादक श्याम सिंह बागी ने शहीद मेला का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन पेशावर क्रांति के नायक चंद्र सिंह गढ़वाल ने किया था। क्या सौंदईकरण के नाम पर शहीदों का इस तरह अपमान किया जाएगा ? इस दौर में सौंदईकरण के नाम अनेक शहरों के पुराने और ऐतिहासिक महत्व के भवनों और मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाराणसी में सौंदईकरण के नाम पर अनेक मंदिरों को तोड़ दिया गया। निश्चित रूप से सौंदईकरण होना चाहिए लेकिन सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विकास की प्रक्रिया में देश के लिए मर मिटने वालो शहीदों की प्रतिमाओं और ऐतिहासिक इमारतों को भी संरक्षित किया जाए। विकास के नाम अपने अतीत को भूलना ठीक नहीं है। इस दौर में नई पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में है। नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की गिरफ्त से बाहर निकालने और अपने इतिहास की भूली कड़ियों की याद दिलाने के लिए ऐतिहासिक महत्व की चीजें काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन इस दौर में इतिहास की चिंता सिर्फ राजनीति के लिए की जा रही है। जरूरत इस बात की है आज इतिहास की चिंता नई पीढ़ी में सच्ची देशभक्ति पैदा करने के लिए होनी चाहिए। सिर्फ नारे लगाकर देशभक्ति नहीं की जा सकती। सच्ची देशभक्ति के लिए जरूरी है कि नई पीढ़ी आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को समझे। विकास की इस प्रक्रिया में क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को भुलाने की को. शिश की जा रही है। विडम्बना यह है कि शहीदों को यह अपमान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रभक्त जैसे शब्दो का रोज इस्तेमाल करने वाली सरकार में किया जा रहा है। हमारे देश में बहुत पहले से ही क्रान्तिकारियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार में तो हद ही हो गई। अब तो खुले आम क्रान्तिकारियों को जमीन में गाड़ दिया गया। हालांकि इस मुद्दे पर हंगामा बढ़ने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन: स्थापित कर दिया गया है, लेकिन शहाजहांपुर में शहीदों का अपमान क्यों हुआ? यह सवाल तो अपनी जगह बना ही रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान-पाक में फिर संघर्ष, एक की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सरकार ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग के अधिकारियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है।

### सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए: कुब्रा सैत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। कुब्रा सैत ने कहा कि असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं।



मुंबई। आपूर्ति वितरण के दौरान खाली एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ भरे हुए सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

## इजरायली सेना का तेहरान में सैन्य ठिकानों पर नए हमलों का दावा


**यरूशलेम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि वह तेहरान पर लक्ष्य साधकर उसके सैन्य ठिकानों पर नए हमले कर रहा है।आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ष्इजरायली रक्षा बल वर्तमान में पूरे तेहरान ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी सैन्य ढांचों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए। इसके बाद ईरान ने इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की मध्यस्थता को पाक तैयार: डार

## इशाक डार की इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुंचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं। डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालांकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बातचीत करने में बहुत ज्यादा इच्छा दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं।



■ पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की

# जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का दे सकते है आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे। इसमें से 2500 मरीन सैनिक थे। यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए धीरे-धीरे शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान का बड़ा परमाणु भंडार उन पहाड़ी ठिकानों के मलबे के नीचे दबा है, जिन्हें अमेरिका ने बमबारी में निशाना बनाया था। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी के मुताबिक, यह यूरेनियम इस्फहान की अंडरग्राउंड टनल और नतांज जैसे ठिकानों पर हो सकता है।

ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि हमलों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह तबाह हो गया, लेकिन अब माना जा रहा है कि काफी यूरेनियम नष्ट नहीं हुआ, बल्कि मलबे के नीचे दब गया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ज्यादातर यूरेनियम मलबे के नीचे दबा है और अभी उसे निकालने का कोई प्लान नहीं है। साथ ही, ईरान के पास अभी भी ऐसी मशीनें हैं, जिनसे वह यूरेनियम को और शुद्ध बना सकता है और नए गुप्त ठिकाने भी बना सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि लगभग सारा 60 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम मलबे के नीचे दबा हुआ है और अभी उसे निकालने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के पास अभी भी यूरेनियम को और समृद्ध करने के लिए संट्रीफ्यूज मशीनें हैं और वह नए अंडरग्राउंड ठिकाने भी बना सकता है। ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों का मानना है कि एक सीमित और टारगेटेड आपरेशन के जरिए इस परमाणु सामग्री को कब्जे में लिया जा सकता है, जिससे युद्ध लंबा नहीं खिंचेगा और अप्रैल के मध्य तक इसे खत्म किया जा सकता है। ट्रम्प खुद भी लंबे युद्ध से बचना चाहते हैं, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी चाहते हैं कि वे ध्यान घरेलू मुद्दों और आने वाले चुनावों पर दें, जहां रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान का खतरा बताया जा रहा है। एक्सपर्ट ट्रम्प के यूरेनियम हासिल करने के लिए जमीनी आपरेशन शुरू करने की योजना को मुश्किल और खतरनाक मानते हैं। उनका कहना है कि इसके लिए बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिकों को ईरान के अंदर भेजना पड़ेगा।



■ ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं
■ अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है
■ 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे

### ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को किया गया नष्ट: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'खत्म या फिर पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को खत्म और नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया। इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा कि हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### ईरान के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे है। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का जक्रि करते हुए पत्रकारों से कहा कि हम उनके साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष बहुत जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि ईरान अमेरिका के शांति समझौते की ज्यादातर शर्तो सहमत हो गया है, लेकिन हम इससे ज्यादा चाहते है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करना शुरू कर दिया। ईरान इजरायली इलाके के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमले कर रहा है।

### भारतीय राजदूत ने कुवैती अधिकारियों से की मुलाकात

**कुवैत सिटी।** कुवैत की भारतीय राजदूत परिमिता त्रिपाठी ने सोमवार को कुवैत के केंद्रीय शवगृह का दौरा किया। जल शोधन इकाई पर हुए हमले में जान गंवाने वाले एक भारतीय नागरिक का यहां पार्थिव शरीर रखा गया है। राजदूत ने यहां जनरल डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल एविडेंस के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से मुलाकात की। उन्होंने कुवैती अधिकारियों से मिली त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के साथ निरंतर संपर्क में है और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। कुवैत सरकार के अनुसार, सोमवार (30 मार्च) को कुवैत के एक विद्युत एवं जल शोधन ईकाई पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। विद्युत एवं जल मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में संयंत्र के सेवा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम सात भारतीय नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और एक के लापता होने की खबर है।

## ईरान के हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त: आईएईए

■ ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है। एजेंसी के अनुसार, 'उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है और यह अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था। चूंकि वहां कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं थी, इसलिए विकिरण का कोई खतरा नहीं देखा गया। खोंदाब संयंत्र मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में अराक शहर से 55 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है और यह अराक परमाणु परिसर (जिसे आईआर-40 सुविधा के रूप में भी जाना जाता है) का हिस्सा है। ईरान ने यह भी बताया कि खुजेस्तान स्टील उत्पादन कारखाने पर भी हमले हुए, जहां सीलबंद कोबाल्ट-60 (सीओ 60) और सीजयिम-137 (सीएस 137) जैसे रेडियोधर्मी तत्वों का उपयोग किया जाता है, हालांकि वहां से भी कोई विकिरण नहीं फैला। इसके अलावा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में भी हमले की सूचना मिली है, जो 10 दिनों में ऐसी तीसरी घटना है। आईएईए के मुताबिक, चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ है और संयंत्र की स्थिति सामान्य है।

## दक्षिणी सूडान में सोने की खदान में झड़प

■ अज्ञात हमलावरों ने 70 से ज्यादा लोगों की हत्या की

**जुबा।** दक्षिणी सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में स्थित एक सोने की खदान पर हुए हमले में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है, यह हमला खदान के अंदर हुए विवाद के बाद किया गया था।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें खुले मैदान में कई शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार के मुताबिक, कई अन्य लोग जान बचाने के लिए जंगलों की ओर भाग गए हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल इक्वेटोरिया राज्य के जेबेल इराक इलाके में स्थित यह खदान पहले भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पों का केंद्र रही है। पुलिस प्रवक्ता क्वाजिज्वोक डोमिनिक अमोंडोक ने कहा कि हमले के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने जेबेल इराक स्थित सोने की खदान पर हमला किया। 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। वहीं, सूडान पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की निंदा की है और इसके लिए सरकारी बलों को जिम्मेदार ठहराया है।

## लेबनान में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख ने छोड़ा घर: यूनिसेफ

**बेरूत।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

प्रभावित लोगों में 370000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19000 बच्चे अपना घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजरायल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले 'गाजा मॉडल' को दोहराने के अपने देश के घोषित प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। इनमें से कई दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं। सहायता समूहों ने इस स्थिति को बेहद अराजक और अस्थिर करने वाला बताया है।



■ मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

## इजरायल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन को किया सस्पेंड

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजरायली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की आपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी आपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फलस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां सीएनएन टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108